
नई दिल्ली
मंगलवार, 26 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 27, अंक : 261
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 26
न्यून. 12


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


समाधि 'सदैव अटल' पर नमन करने पहुंचे दिग्गज








### ईसाई समुदाय के प्रतिनिधियों ने पीएम को धन्यवाद देते हुए देश के प्रति उनके दृष्टिकोण की प्रशंसा की

# द होली पोप का गरीबी उन्मूलन के बारे में संदेश, सबका साथ, विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से मेल खाता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने क्रिसमस के अवसर पर आज भारत के पीएम के आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग, नई दिल्ली में ईसाई समुदाय के साथ बातचीत की। उन्होंने क्रिसमस के अवसर पर आयोजित समारोह के कार्यक्रम को भी संबोधित किया। स्कूली बच्चों ने गायन प्रस्तुति भी दी। पीएम श्री मोदी ने सभी को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए, इस विशेष और पवित्र अवसर पर उनके साथ सम्मिलित होने के लिए उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

उन्होंने क्रिसमस को एक साथ मनाने के भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन के प्रस्ताव को स्वीकार करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इस पहल के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम ने लंबे समय तक ईसाई समुदाय के साथ अपने घनिष्ठ और बेहद मधुर संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ईसाई समुदाय और उनके नेताओं के साथ लगातार बैठकें करने का भी स्मरण किया। पीएम ने कुछ वर्ष पहले होली पोप के साथ अपनी बातचीत को एक बहुत ही यादगार क्षण बताते हुए पृथ्वी को एक बेहतर स्थान बनाने के लिए सामाजिक सद्भाव, वैश्विक भाईचारे, जलवायु परिवर्तन और समावेशी विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा पर प्रकाश डाला। पीएम ने कहा, 'देश ईसाई समुदाय के योगदान को गर्व के साथ स्वीकार करता है।' पीएम श्री मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में ईसाई समुदाय के योगदान की प्रशंसा की और विभिन्न बौद्धिक विचारकों और नेताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि गांधी जी ने स्वयं कहा था कि असहयोग आंदोलन की कल्पना सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्राचार्य सुशील कुमार रुद्र के संरक्षण में की गयी थी। उन्होंने समाज को दिशा देने में ईसाई समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और गरीबों और वंचितों के प्रति सामाजिक सेवा में सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उनके योगदान को भी रेखांकित किया।

*हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का लाभ हर किसी तक पहुंचे और कोई भी अछूता न रहे*

*देश ईसाई समुदाय के योगदान को गर्व के साथ स्वीकार करता है*



### यीशु का जन्म उत्सव जीवन, संदेश और मूल्यों को स्मरण करने का दिन



पीएम मोदी ने कहा की क्रिसमस न केवल यीशु मसीह के जन्म का उत्सव मनाने का दिन है, बल्कि उनके जीवन, संदेश और मूल्यों को स्मरण करने का भी दिन है, पीएम ने करुणा और सेवा के मूल्यों को रेखांकित किया, जिनके द्वारा यीशु जी रहे थे। उन्होंने कहा कि यीशु ने एक समावेशी समाज बनाने के लिए काम किया जहां सभी के लिए न्याय हो और यही मूल्य हैं जो भारत की विकास यात्रा में मार्गदर्शक रोशनी की तरह प्रकाश डाल रहे हैं।

### सेवा ही परम धर्म है

पीएम मोदी ने सामाजिक जीवन की विभिन्न धाराओं के बीच मूल्यों की समानता पर प्रकाश डाला, जो हमें एकजुट करते हैं क्योंकि उन्होंने पवित्र बाइबिल का उदाहरण दिया जो दूसरों की सेवा पर बल देती है। पीएम ने कहा, 'सेवा ही परम धर्म है।' पवित्र बाइबल में सत्य को बहुत महत्व दिया गया है और कहा गया है कि केवल सत्य ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखाएगा।'' उन्होंने सभी पवित्र उपनिषदों का भी उल्लेख किया जो स्वयं को मुक्त करने के लिए अंतिम सत्य को जानने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पीएम मोदी ने साझा मूल्यों और विरासत पर ध्यान केंद्रित करके आगे बढ़ने पर बल जोर दिया।
पीएम मोदी ने कहा, '21वीं सदी के आधुनिक भारत के लिए, यह सहयोग, सद्भाव और सबका प्रयास की भावना भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।'पीएम ने द होली पोप के क्रिसमस संबोधनों में से एक का उल्लेख किया जहां उन्होंने उन लोगों के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना की जो गरीबी उन्मूलन के लिए काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि द होली पोप इस धारणा में विश्वास करते हैं कि गरीबी व्यक्तियों की गरिमा को नुकसान पहुँचाती है। उन्होंने कहा कि द होली पोप की यह धारणा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को प्रतिबिंबित करती है। पीएम ने कहा, 'हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का लाभ सभी तक पहुंचे और कोई भी अछूता न रहे।' उन्होंने बताया कि ईसाई धर्म के कई लोग, विशेष रूप से गरीब वर्ग, सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। पीएम ने कहा, 'देश ईसाई समुदाय के योगदान को गर्व के साथ स्वीकार करता है।' पीएम श्री मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम में ईसाई समुदाय के योगदान की प्रशंसा की और विभिन्न बौद्धिक विचारकों और नेताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि गांधी जी ने स्वयं कहा था कि असहयोग आंदोलन की कल्पना सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्राचार्य सुशील कुमार रुद्र के संरक्षण में की गयी थी।

## मेडिकल शोध के लिए युवा प्रतिभाओं को मिलेगी 'मेडटेक मदद'



**नई दिल्ली।** सरकार ने मेडटेक इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और आयातित चिकित्सा उपकरणों पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए एक रणनीतिक पहल के तहत सोमवार को मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उद्घाटन समारोह में कहा कि मेडटेक मित्र एक ऐसा मंच है जो देश की युवा प्रतिभाओं को उनके शोध को अंतिम रूप देने और नियामक अनुमोदन प्राप्त करने में मदद करेगा। मंडाविया ने इनोवेटर्स और युवाओं की पहल और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देश में इनोवेटर्स, शोधकर्ताओं और युवा स्टार्टअप के बीच अपार शक्ति है।

## पीएम मोदी बोले-उनका सेवा भाव अमृतकाल में भी प्रेरणास्त्रोत रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर देश ने उन्हें नमन किया। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता उनकी समाधि 'सदैव अटल' पर नमन करने पहुंचे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया और पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। इससे पहले पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर देश के सभी परिवारजनों की ओर से मेरा कोटि-कोटि नमन। वे जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहे। मां भारती के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अमृतकाल में भी प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

### डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल विस्तार में 7 सामान्य 12 ओबीसी व बाकी एससी-एसटी विधायक बने मंत्री



**कुल 28 मंत्री**

18 कैबिनेट, 6 स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व 4 राज्य मंत्री बनाए गए, 3 जगह अभी खाली

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, दमोह, राजगढ़ व नरसिंहपुर से दो-दो मंत्री व बाकी जिलों से एक एक मंत्री

## पचास फीसदी नए विधायकों को 'मौका'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में मोहन कैबिनेट में सोमवार से 28 मंत्री और जुड़ गए। मंत्रिमंडल विस्तार में 18 कैबिनेट, 6 स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व 4 राज्य मंत्री बनाए गए हैं। इन मंत्रियों में 11 ऐसे हैं, जो मंत्री रह चुके हैं। इसमें से 6 मंत्री ऐसे हैं, जो पिछली भाजपा सरकार में भी मंत्री थे। मंत्रियों की कुल संख्या के हिसाब से 50 फीसदी नए विधायकों को मंत्री बनाया गया है। करीब 20 फीसदी यानी कुल 5 महिलाएं कैबिनेट व राज्य मंत्री बनी हैं। तीन ऐसे मंत्री भी हैं, जो लोकसभा सांसद या केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर







## सांता क्लॉज ने बांटे बच्चों व बड़ों को उपहार

# क्रिसमस पर गिरजाघरों में रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्रिसमस के अवसर पर दिल्ली के विभिन्न गिरजाघरों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। गिरजाघरों ईसाई समुदाय के अनुयायियों की भारी भीड़ लगी रही। आम व खास लोगों ने अपने अपने तरीके से गिरजाघरों में प्रभु ईसा मसीह के सामने सुख शांति के लिए प्रार्थना की। भाजपा, कांग्रेस व अन्य दलों के नेताओं ने भी राजधानी के विभिन्न गिरजाघरों के आयोजनों में शामिल हुए। गिरजाघरों में लाल सफेद ड्रेस में सजे सांता क्लॉज ने आने वाले बच्चों व बड़ों को उपहार आदि बांटे।





### लोगों की भीड़ उमड़ी

लोगों की भीड़ भाड़ के चलते रात के समय नई दिल्ली क्षेत्र में कई जगह जाम के हालात भी बने। दिल्ली के प्रमुख गिरजाघरों में शामिल सेंट्रल बैपटिस्ट चर्च और सेंट मैरी चर्च चांदनी चौक दिल्ली, सेंट स्टीफन चर्च, कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडमिशन चर्च रोड नॉर्थ एवेन्यू दिल्ली, सेंट अल्फोंसा चर्च और सेंट लुके चर्च वसंत कुंज, होली ट्रिनिटी चर्च, पहाड़गंज चर्च, सेंट जेम्स चर्च कश्मीरी गेट (स्किनस चर्च), सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल अशोक प्लेस नई दिल्ली, सेंट मिकैज चर्च करोल बाग, सेंट एंथोनी चर्च, सेंटेनरी मेथोडिस्ट चर्च दक्षिणी दिल्ली, मिशन रोड दिल्ली, टेरेसा चर्च पुष्प विहार, ग्रीन पार्क फ्री चर्च सर अरबिंदो मार्ग, सेंट मैरी ऑर्थोडॉक्स चर्च हौज खास और थॉमस चर्च आरके पुरम आदि शामिल है।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च पहुंचे, ईसा मसीह का लिया आशीर्वाद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने क्रिसमस के मौके पर सोमवार को राजधानी स्थित सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा किया और ईसा मसीह को मानवता के लिए प्रेरणा बताया। नड्डा ने कैथेड्रल में वरिष्ठ पादरियों से मुलाकात की। नड्डा के इस कदम को ईसाई समुदाय के बीच भाजपा की पैठ बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ईस्टर पर इसी कैथेड्रल का दौरा किया था। भाजपा अध्यक्ष ने अपने दौरे के बाद कहा कि ईसा मसीह ने अपना जीवन शांति और सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया और वह मानवता के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि आज क्रिसमस के पवित्र अवसर पर इस चर्च की यात्रा करने का मौका मिला। हमने ईसा मसीह का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि ईसा मसीह का जीवन पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता को समर्पित कर दिया। नड्डा ने कहा कि सभी को ईसा मसीह की शिक्षाओं, उपदेशों और मानवता के लिए योगदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन विशेष रूप से समाज में शांति और सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया। हम ईसा मसीह से प्रार्थना करते हैं कि हम उनके दिखाए मार्ग को ध्यान में रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने देश और पूरी दुनिया में मानवता, शांति और सभी की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करें। भाजपा ईसाई समुदाय से जुड़ने की कोशिश कर रही है, खासकर केरल जैसे राज्यों में जहां ईसाई बड़ी संख्या में हैं। पार्टी ने पूर्वोत्तर के राज्यों में अपने बेहतर चुनावी प्रदर्शन का हवाला देते हुए अक्सर कहा है कि यह ईसाई समुदाय के बीच उसकी बढ़ती स्वीकार्यता का सबूत है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा उनके साथ थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को क्रिसमस के अवसर पर दिल्ली के ईसाई भाइयों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह समुदाय देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सराहनीय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## यातायात रहा प्रभावित...



**नई दिल्ली।** क्रिसमस उत्सव के मद्देनजर सोमवार को दिल्ली के कई हिस्सों में यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के गिरजाघरों में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है, जिनमें गोल डाकखाने के पास सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल, सेंट थॉमस चर्च (मंदिर मार्ग), फ्री चर्च (संसद मार्ग), कैथेड्रल चर्च (राष्ट्रपति भवन के सामने), सेंट मार्टिन चर्च (दिल्ली छावनी), सेंट थॉमस चर्च (आर के पुरम) और सेंट मैरी कन्नाया चर्च (वसंत कुंज) शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि गोल डाकखाने के पास और अशोक रोड, बाबा खड़क सिंह मार्ग, संसद मार्ग, लोधी रोड, अरबिंदो मार्ग और अन्य हिस्सों पर भारी यातायात जाम रहा है। पुलिस ने कहा कि गोल डाकखाने की ओर यातायात को आरएमएल चौराहा, भाई वीर सिंह मार्ग या काली बाड़ी टी-पॉइंट, अशोक रोड पर पटेल चौक और बाबा खड़क सिंह मार्ग पर कनॉट प्लेस आउटर सर्कल से परिवर्तित किया जाएगा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि नयी दिल्ली जिले में रविवार शाम पांच बजे से सोमवार को उत्सव समाप्त होने तक यातायात कर्मियों की ड्यूटी को तीन पालियों में विभाजित किया गया था। अधिकारी ने कहा कि लगभग दो लाख लोग गोल डाकखाने के पास कैथेड्रल का दौरा कर सकते हैं, तदनुसार, पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। यह ध्यान में रखते हुए कि लोग त्योहार के दौरान इंडिया गेट घूमने जाना पसंद कर सकते हैं, हमने वहां भी उचित व्यवस्था की थी।

# मंत्री आतिशी ने क्रिसमस पर बच्चों को गिफ्ट किए झूले



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कैबिनेट मंत्री व कालकाजी विधानसभा से विधायक आतिशी ने क्रिसमस के दिन सोमवार को अपनी विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों का दौरा किया। इस दौरान इलाके में विधायक द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की लोगों ने खूब सराहना की। वहीं आतिशी ने क्रिसमस के मौके पर कालकाजी विधानसभा के एक पार्क में बच्चों को नए झूले गिफ्ट किए। पार्क में नए झूले पाकर आसपास के बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं था। वह नए झूले पाकर बहुत खुश दिखे और अपने विधायक आतिशी के साथ सेल्फी ली और फोटो खींचवाएं। इस दौरान आतिशी ने क्रिसमस पर बच्चों के साथ केक भी कांटे। इस मौके पर आतिशी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया गया कि आज यहां क्रिसमस के मौके पर बच्चों को नए झूले गिफ्ट किए। पार्क में लगे ये नए झूले बच्चों की किलकारियों के साथ यहां के वातावरण को और सुखमय बना देंगे। वहीं आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट किया कि सुखदेव विहार पॉकेट-ए में लोग अरविंद केजरीवाल सरकार के कामों से बहुत खुश है। पिछले कुछ समय में क्षेत्र में हुए विकासात्मक कार्यों को लेकर आज लोगों ने सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।लोगों की ये खुशी और संतुष्टि ही हमारी असली ताकत है। आतिशी ने अपने दूसरे ट्वीट में लिखा कि ईस्ट ऑफ कैलाश, ए-ब्लॉक में स्थानीय लोगों से क्षेत्र को और बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की और सुझाव लिए। एक जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों के सुझाव मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। लोगों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए हम अपनी कालकाजी विधानसभा को शानदार बनाएंगे।

## स्वास्थ्य मंत्री सौरभ ने एम्स के शेल्टर में रहने वाले तीमारदारों के साथ मनाया क्रिसमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने क्रिसमस के अवसर पर सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शेल्टर पर ठहरे तीमारदारों के साथ क्रिसमस पर्व मनाया। जानकारी के अनुसार सौरभ भारद्वाज स्कूल के छात्रों और अध्यापकों के साथ शेल्टर होम पहुंचे। यहां सौरभ भारद्वाज ने सेंटा बनकर बच्चों को गिफ्ट वितरित किए। मंत्री सौरभ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि कुछ दिनों पहले साकेत के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल गया था, वहां बच्चों को दिल्ली सरकार के रैन बसेरों में जाने की सलाह दी थी। बच्चे मेरी बातों से इतना प्रभावित हुए, आज उन्हीं बच्चों के साथ एम्स के बाहर दिल्ली सरकार के शेल्टरों में क्रिसमस का त्योहार मनाया। इन शेल्टरों में वह तीमारदार ठहरे हैं जिनके परिजनों को इलाज एम्स में चल रहा है।

## श्रद्धांजलि अर्पित की
### पंडित मदन मोहन मालवीय महान स्वतंत्रता सेनानी थे : महापौर

**नई दिल्ली।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 162 वीं जयंती पर दिल्ली की तरफ से महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर आम आदमी पार्टी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महामना जी ने ब्रिटिश शासन की विपरीत परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य किया था। कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि पंडित मालवीय एक महान स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट शिक्षाविद तथा युगद्रष्टा थे। महामना जी ने प्रतिकूल परिस्थितियों में देश की कुरीतियों का विरोध किया एवं ब्रिटिश राज में भी हिन्दी को बढ़ावा दिया। मालवीय ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में और शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। महापौर ने कहा कि मालवीय जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जो श्रेष्ठ काम किया गया, उससे प्रेरित होकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप भी सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वाजपेयी ने अपने सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया: सचदेवा

## भाजपा ने मनाई पूर्व पीएम एवं भारत रत्न वाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सोमवार का विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मलित हुए। पार्टी कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने रक्त दान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल है और भाजपा हमेशा से ही सेवा के भाव से इस तरह के आयोजन करती रही है।

भाजपा हमेशा से ही देश एवं समाज को आगे रखकर चलने वाली पार्टी रही है क्योंकि भाजपा के पास अपना सिद्धांत है जिससे उसने कभी भी समझौता नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती इतनी उत्सुकता के साथ मना रहा है तो उसका सबसे बड़ा कारण है कि उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों के साथ समझौता नहीं किया। यह रक्तदान शिविर दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित किया गया था। रक्तदान शिविर में वीरेन्द्र सचदेवा एवं मोर्चा अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा सहित लगभग 105 भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इससे पहले प्रातः सचदेवा ने दिल्ली के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधान मंत्री की समाधि सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की और सामाजिक संस्था ज्ञान फाउंडेशन द्वारा गुड गवर्नेंस और अटल के जीवन पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन में सम्मलित हुए। वहीं रक्तदान करने के बाद कालका जी में माता चकेरी देवी फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रधान मंत्री की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की। मोहन लाल गिहारा ने बताया कि रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान करके श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि दी और साथ ही समाज के लिए मोर्चा द्वारा सेवा कार्य करते रहने का प्रण लिया। अनुसूचित जाति मोर्चा आगामी समय में भी ऐसे सेवा समर्पित कार्यक्रम का आयोजन करता रहेगा जो दूसरों के कल्याण के लिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होगा। वहीं कालका जी में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने स्थानीय पार्षद योगिता सिंह की उपस्थिति में महिलाओं को सवलंबी बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें बांटी। इस अवसर अपने संबोधन में वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा ने देश को दो प्रधानमंत्री दिये है और दोनों ही प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिये कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मोत्सव पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में सम्मिलित हो कर मै खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में देश को एक नई दिशा प्रदान की: रामवीर



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भाजपा के आधार स्तंभ, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार को बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रसाद नगर जेजे कैंप, सेवा बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 250 परिवारों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर बिधूड़ी ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में देश को एक नई दिशा प्रदान की। भारतीय राजनीति में सुशासन स्थापित किया। उनकी सोच हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ऊपर उठाने के लिए हर संभव प्रयास करने की थी। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के कार्यकाल में अन्नपूर्णा योजना, अंत्योदय योजना, सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को गरीबों के उत्थान के लिए शुरू किया गया था। बिधूड़ी ने इस अवसर पर सभी लोगों को मोदी सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्रीय योजनाओं की जानकारी भी दी। जिला भाजपा की मंत्री प्रमोद भारद्वाज, मोलड़बन्द मंडल के अध्यक्ष बृजेश सेंगर और जिला भाजपा के पूर्व मंत्री गगन कसाना सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## एलजी ने पूर्व पीएम को जयंती पर किया नमन

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को क्रिसमस दिवस की शुभकामनाएं दी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया। एलजी ने अटल को भारत सार्वजन कल्याण एवं देश सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाला नेता बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि सर्वजन कल्याण एवं देश सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले, देश के गौरव पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को जन्म जयंती पर मेरा शत-शत नमन। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के देश के विकास में दिए योगदान के लिए लिखा कि समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। वहीं एलजी ने ईसाई समुदाय के मुख्य पर्व मेरी क्रिसमस को लेकर भी एक अन्य पोस्ट में बधाई एंव शुभकामनाएं दी है। एलजी ने एक्स पर लिखा कि क्रिसमस के पवित्र और आनंदमय अवसर पर सभी को मेरी शुभकामनाएं। मुझे आशा है कि यह त्यौहार सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य लाएगा और आने वाले समय में अच्छी खबरें लेकर आएगा।

# रेप का आरोपी हवाई अड्डे पर हिरासत से फरार, सीआईएसएफ का चूक से इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पंजाब में बलात्कार के एक मामले का आरोपी बहरीन से यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पहुंचने पर आव्रजन अधिकारियों की हिरासत में लिए जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।


सूत्रों ने बताया कि अमनदीप सिंह 20 दिसंबर को एअर इंडिया के विमान से खाड़ी देश से यहां पहुंचा था। सिंह को आव्रजन विभाग ने रोक लिया क्योंकि उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था और उसे हवाई अड्डे पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों को सौंप दिया गया था। पंजाब के लुधियाना में दर्ज बलात्कार के मामले में आरोपी सिंह अप्रैल 2020 से फरार था। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंह को हवाई अड्डे पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों को सौंप दिया गया था। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सीआईएसएफ कर्मी उसे दिल्ली पुलिस को सौंपने जा रहे थे, तभी वह पूर्वाह्न करीब 10 बजे आव्रजन विभाग में काउंटर नंबर 33 से कूदकर उनकी हिरासत से भाग गया। अधिकारी ने बताया कि सिंह को ले जा रहे अधिकारियों में शामिल एक अधिकारी शौचालय गया था, तभी आरोपी भाग गया। सीआईएसएफ के मुख्य प्रवक्ता व उप महानिरीक्षक (डीआईजी) श्रीकांत किशोर ने कहा कि यह बताना उचित होगा कि आव्रजन अधिकारियों ने लुकआउट सर्कुलर जारी किए गए यात्री के संबंध में आगमन रजिस्टर में कोई प्रविष्टि दर्ज नहीं की थी। उन्होंने कहा कि आरोपी सीआईएसएफ की हिरासत में नहीं था इसलिए इसे सुरक्षा बल की चूक नहीं कहा जा सकता।

### आंतरिक जांच शुरू

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने घटना की आंतरिक जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 224 (किसी व्यक्ति द्वारा उसकी वैध गिरफ्तारी में प्रतिरोध या बाधा पैदा करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं।

# संपत्ति विवाद : भतीजे ने की चाचा की हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के नांगलोई इलाके में 39 वर्षीय एक व्यक्ति को संपत्ति विवाद को लेकर अपने चाचा की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना 23 दिसंबर को नांगलोई इलाके के एक मकान में हुई। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ऑटो चालक कबीर आजम (54) के रूप में की गई है। उसके पेट में तीन बार चाकू से वार किए गए थे जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि निरंतर प्रयासों के बाद पुलिस दल ने आखिरकार सोमवार सुबह बशीर को नांगलोई से गिरफ्तार कर लिया। एक फैक्टरी में काम करने वाला बशीर उसी मकान में अपने माता-पिता और दो भाइयों के साथ रहता था। पुलिस ने बताया कि कबीर और उसके भतीजों का संपत्ति को लेकर आए दिन झगड़ा होता रहता था क्योंकि कबीर उस घर को बेचना चाहता था जिसमें वे लोग रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि 23 दिसंबर को कबीर और बशीर का इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ जिसके बाद बशीर ने कथित तौर पर चाकू से कबीर पर हमला किया और फिर फरार हो गया।

## 400 आर्य संस्थाओं ने लिया भाग

# स्वामी श्रद्धानंद के 97वें बलिदान दिवस पर निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी, आर्य सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद जी के 97 वें बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार को आर्य समाज द्वारा पुरानी दिल्ली के विभिन्न मार्गों से होती हुई एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के अंत रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा आयोजित की गई। दिल्ली आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस शोभा यात्रा और जन सभा में दिल्ली-एनसीआर की लगभग 400 आर्य संस्थाओं के लगभग 20 हजार सदस्य और महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनुयायी पूरे जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए। चांदनी चौक स्थित टाउन हाल में स्थापित स्वामी श्रद्धानंद जी की विशाल प्रतिमा के समक्ष आर्य वीर दल के आर्य वीर लड़के और लड़कियों द्वारा किया जाने वाला शोर्य प्रदर्शन इस शोभायात्रा का विशेष आकर्षण रहा।। दिल्ली सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान सुरेंद्र रैली, महामंत्री आर्य सतीश चड्ढा, स्वामी प्रवणानंद, दयानंद सेवा आश्रम के महामंत्री जोगिन्दर खट्टर, स्वामी सच्चिदानंद, तपस्वी सुखदेव वर्मा, महामंत्री विनय आर्य और अन्य महानुभावों ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया।

**खबर संक्षेप**

### कोहरे की चादर में लिपटी दिल्ली

**नई दिल्ली।** सोमवार को दिल्ली की सुबह घने कोहरे व कड़ाके की ठंड के साथ हुई। कोहरे की मार के चलते जहां एयरपोर्ट पर हवाई उड़ानें प्रभावित हुई वहीं सड़क पर वाहन रेंगने को मजबूर हो गए। जबकि कई रूटों पर चलने वाली रेल गाड़ियां भी देरी से चली। मौसम विभाग के अनुसार रात ढाई बजे कोहरा बहुत अधिक हो गया था, सुबह साढ़े पांच बजे से पालम एयरपोर्ट के पास न्यूनतम दृश्यता लगभग शून्य हो गई, जो साढ़े आठ बजे तक बरकरार रही। मतलब पालम एयरपोर्ट पर करीब तीन घंटे तक न्यूनतम दृश्यता जीरो ही रही।

### दिल्ली भाजपा भारद्वाज की बर्खास्तगी की मांग को लेकर 27 को करेगी विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को कहा है कि दिल्ली की जनता समझ रही है की सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं के वितरण में मंत्री सौरभ भारद्वाज ही नहीं खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका संदिग्ध है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा सौरभ भारद्वाज की बर्खास्तगी की मांग को लेकर 27 दिसम्बर को एक विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में एक तरफ नकली दवाइयां बांटी जा रही है तो दूसरी तरफ दिल्ली सरकार के अस्पतालों में मेडिकल जांच, अल्ट्रासाउंड एवं एमआरआई तो छोड़िए साधारण एक्स-रे तक के लिए लंबी डेट डाली जा रही हैं।
सचदेवा ने कहा है कि भारद्वाज ने खुद गत 3 दिन में अपने विभिन्न बयानों में यह स्वीकार किया है कि जुलाई 2023 से उनके संज्ञान में था और अक्टूबर 2023 से तो पुष्ट जानकारी में था की सरकारी अस्पतालों में मेडिकल स्टैंडर्ड से कमजोर दवाएं बांटी जा रही हैं।

जब मुख्य सचिव तत्काल कार्रवाई नहीं करते हैं तो महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी : सौरभ

# यौन उत्पीड़न मामला : भारद्वाज ने मुख्य सचिव की निष्क्रियता पर व्यक्त की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी अस्पताल में हुए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार की निष्क्रियता पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब मुख्य सचिव तत्काल कार्रवाई नहीं करते हैं तो महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। सौरभ भारद्वाज ने बुराड़ी अस्पताल के यौन उत्पीड़न मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 24 घंटे में सरकार को सौंपने के निर्देश के संबंध में कहा कि बुराड़ी अस्पताल से जो रिपोर्ट मिली वह बहुत चौंकाने वाली थी और इसके लिए सरकारी तंत्र द्वारा तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता थी। लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी उच्च संवेदनशीलता के मामले में भी जहां महिला श्रमिकों द्वारा अपने प्रबंधक के खिलाफ यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन मुख्य सचिव ने भेजे गए आवश्यक सूचना पत्र का जवाब नहीं दिया। ऐसे में कोई कल्पना



कर सकता है कि चुनी हुई सरकार कैसे काम करती है और जब मुख्य सचिव तत्काल कार्रवाई नहीं करते हैं तो महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। यह तब है जब इस विशेष घटना पर भाजपा की दिल्ली इकाई द्वारा इतना हंगामा मचाया गया है। क्या बीजेपी अब मुख्य सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बताना महत्वपूर्ण हो जाता है कि रविवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार के आवास पर आवश्यक सूचना पत्र के साथ संदेशवाहक भेजा गया था। जहां मुख्य सचिव नरेश कुमार के आवास पर कर्मचारियों ने यह कहते हुए आवश्यक सूचना पत्र (यूओ नोट) स्वीकार नहीं किया कि उन्हें कोई भी नोट स्वीकार नहीं करने का निर्देश है। उसके बाद आवश्यक सूचना पत्र को ई-मेल आईडी के माध्यम से मुख्य सचिव को भेजा गया और सोमवार सुबह मुख्य सचिव नरेश कुमार के आवास पर भी नोट को भौतिक रूप से पहुंचाया गया। सौरभ न कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएनसीटीडी अधिनियम में हालिया संशोधन के बाद, अधिकारियों पर निर्वाचित दिल्ली सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। अधिकारी सिर्फ एलजी के प्रति जवाबदेह हैं। जब भी कोई अप्रिय घटना होती है तो चुनी हुई सरकार से सवाल पूछे जाते हैं, हालांकि अधिकारी पर सारा नियंत्रण एलजी का होता है।

### बुराड़ी अस्पताल मामले में सौरभ भारद्वाज का बयान है चौंकाने वाला : प्रदेश भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा ने बुराड़ी अस्पताल कर्मचारी यौन उत्पीड़न मामले में मंत्री सौरभ भारद्वाज का दिल्ली के मुख्य सचिव पर आरोप चौंकाने वाला बताया है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दिल्ली की जनता सौरभ भारद्वाज से जानना चाहती है कि आज आप कार्रवाई में देरी के लिए मुख्य सचिव को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं लेकिन फिर उन्होंने खुद इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रतिक्रिया देने में 48 घंटे से ज्यादा का समय क्यों लिया। इसके अलावा आज वह यह हवाला दे रहे हैं कि प्रशासनिक कारणों से नौकरशाही पर उनका नियंत्रण कम है, जिसके कारण बुराड़ी मामले में कार्रवाई में देरी हुई, लेकिन क्या वह बता सकते हैं कि दिल्ली सरकार के पसंदीदा अधिकारी प्रेमोदय खाखा के मामले में कार्रवाई में देरी क्यों हुई, जिन्होंने अपने दोस्त की बेटी का यौन शोषण किया था।

## दिल्ली सरकार ने कोरोना योद्धा अनिल कुमार के परिजन को सौंपी एक करोड़ की सम्मान राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा कोरोना योद्धाओं के परिजनों को एक करोड़ की सम्मान राशि दिए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने कोरोना महामारी के दौरान कोरोना संक्रमण के चलते अपनी जान गंवाने वाले दिल्ली परिवहन निगम में बतौर मैनेजर 36 सालों तक अपनी सेवाएं देने वाले अनिल कुमार गर्ग के परिवार को आज एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। क्रिसमस के दिन सोमवार को समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद, स्थानीय विधायक जय भगवान उपकार, पूर्व विधायक और विधायक प्रतिनिधि वीणा आनंद, और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोरोना योद्धा अनिल कुमार गर्ग के निवास स्थान पहुंचकर अनिल कुमार गर्ग के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि सौंपी जो उनके द्वारा की गई निस्वार्थ सेवा के लिए प्रदान की गई। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने परिवार को निरंतर सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि हालांकि कोई भी रकम परिवार को हुई क्षति की भरपाई नहीं कर सकती है, लेकिन उम्मीद है कि यह वित्तीय सहायता उनके भविष्य को बेहतर बनाने में कुछ सहायता प्रदान करेगी। केजरीवाल सरकार चुनौतीपूर्ण समय के दौरान प्रत्येक कोविड योद्धा के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और उनके परिवारों को हर संभव समर्थन प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## कोरोना के नए उप-स्वरूप पर दिल्ली सरकार की नजर, अस्पतालों का निरीक्षण तेज

**ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर बेड और अन्य आवश्यकताओं की फिर से की जा रही है समीक्षा : सौरभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच 2023 के अंत में जेएन.1 उपस्वरूप ने चिंताएं एक बार फिर बढ़ा दी हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार ने इस पर नजर रखने के साथ ही जांच बढ़ाने की योजना बनाई है। उधर ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर बेड और अन्य आवश्यकताओं की फिर से समीक्षा की जा रही है। डॉक्टरों ने लोगों को मास्क पहनने, भीड़-भाड़ से बचने और स्वस्थ आहार लेने की सलाह दी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि सरकार इस मुद्दे से निपटने के लिए पूरी तरह से सतर्क है। दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सरकार जीनोम अनुक्रमण बढ़ाएगी। भारद्वाज ने हाल ही में यह भी कहा था कि लोगों को घबराना नहीं चाहिए। मंत्री ने कहा था कि सावधान और सतर्क रहकर आप संक्रमण को फैलने से रोक सकते हैं।

**दिल्ली में कई लोगों के चेहरे पर फिर से लौट आया मास्क**

अधिकारियों ने बेहतर स्थिति को देखते हुए पिछले वर्ष मास्क पहनने की अनिवार्यता को हटा दिया था लेकिन नए स्वरूप पर बढ़ती चिंता के बीच दिल्ली में कई लोगों के चेहरे पर मास्क फिर से लौट आया है। नए साल में एहतियात के तौर पर बड़ी संख्या में लोगों को मास्क पहने देखा जा सकता है। भीड़-भाड़ वाले मेट्रो कोचों में कई यात्रियों को अब संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहने या हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करते देखा जा सकता है।

## उपराज्यपाल ने अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए समयबद्ध योजना बनाने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अधिकारियों को अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए समयबद्ध योजना बनाने का निर्देश देते हुए इस बात पर जोर दिया कि प्रक्रिया को सरल और परेशानी मुक्त बनाने की जरूरत है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हाल में संसद द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून (विशेष प्रावधान) 2023 पारित किए जाने के



बाद, सक्सेना ने मुख्य सचिव, शहरी विकास, लोकनिर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त और विभिन्न हितधारक विभागों/ एजेंसियों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण और क्रमशः पीएम-उदय और पीएमएवाई (शहरी) के तहत झुग्गीवासियों के पुनर्वास से संबंधित कार्यों की प्रगति और स्थिति का जायजा लिया। सक्सेना ने अधिकारियों से पीएम-उदय, पीएमएवाई और डीडीए की 'लैंड पूलिंग' नीति के पूर्ण कार्यान्वयन के संबंध में विशिष्ट समयसीमा देने को कहा। उपराज्यपाल को सूचित किया गया कि अनधिकृत कॉलोनियों की सीमाओं में अस्पष्टता, कट-ऑफ तिथियों के बार-बार विस्तार और अधिसूचित झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टर में अनिश्चितता ने इस मुद्दे को लंबे समय तक लटकाए रखा है और इसके कारण आखिरकार केंद्र को 2019 में पीएम-उदय और पीएमएवाई योजनाएं बनानी पड़ीं। उन्होंने कहा कि उसके तुरंत बाद, कोविड महामारी शुरू होने की वजह से काम जोर शोर से नहीं किया जा सका। एक अधिकारी ने बताया कि उपराज्यपाल ने इस तथ्य पर आश्चर्य और चिंता व्यक्त की कि यह अधिनियम विभिन्न रूपों में दिसंबर 2006 से लागू था और फिर भी महामारी के कारण उत्पन्न बाधाओं के बावजूद मामला लटका हुआ था।

हरियाणा सरकार

साहिबजादे जोरावर सिंह जी व साहिबजादे फतेह सिंह जी
के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए
हरियाणावासियों का श्रद्धापूर्वक नमन
वीर बाल दिवस
26 दिसम्बर, 2023



“हमें साथ मिलकर वीर बाल दिवस के संदेश को देश के कोने-कोने तक लेकर जाना है। हमारे साहिबजादों का जीवन संदेश देश के हर बच्चे तक पहुंचे, वो उनसे प्रेरणा लेकर देश के लिए समर्पित नागरिक बनें, हमें इसके लिए भी प्रयास करने हैं।”
- नरेन्द्र मोदी



सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### ढहकोला व कबूलपुर पहुंची भारत संकल्प यात्रा



**फरीदाबाद।** गांव ढहकोला एवं कबूलपुर पहुंचने पर विधायक राजेश नागर भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। कहा कि केंद्र सरकार इस यात्रा के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन स्तर बेहतर करने की गारंटी दी है। यह पीएम मोदी की गारंटी है। विधायक ने कहा कि लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने कई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं जो अंत्योदय की भावना से लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं। इस यात्रा के जरिए लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ मिल रहा।

### लापता महिला को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने लापता 23 वर्षीय महिला को बरामद कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। महिला अपने घर से बिना बताए कहीं निकल गई थी। परिजनों द्वारा थाना मुजेसर में महिला के संबंध में 4 दिसंबर को सूचना दी गई जिस पर मामला दर्ज कर तलाश की ।

### स्नैचिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार किया है।आरोपियो में सचिन व करण गांव सारन के रहने वाले है। क्राइम ब्रांच ने दोनों को एनआईटी से थाना कोतवाली से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल व स्नैचिंग का मोबाइल फोन बरामद किया गया है।



### देसी पिस्तौल व 2 जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर.17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सन्नी गांव देवकी नंगला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का तथा वर्तमान में सरपंच कॉलोनी सेक्टर-20ए का रहने वाला है। आरोपी क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से सरपंच कॉलोनी के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लने पर आरोपी से देसी पिस्तौल व 2 जिंदा रोंद बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना सेन्ट्रल में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ड्राइवर का काम करता है।



### भाकपा के 98 वर्ष पूरे गोष्ठी का आयोजन



**फरीदाबाद।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 98 वर्ष होने पर सीपीआई फरीदाबाद द्वारा एक समारोह के रूप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया । मंच का संचालन सहायक सचिव आर.एन. सिंह ने किया। जिला सचिव बेचू गिरी ने विस्तार से पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने पार्टी के इतिहास, वर्तमान और भविष्य की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के वयोवृद्ध किसान नेता कामरेड होराम सिंह आर्य एवं वरिष्ठ नेत्री कामरेड सुशीला सरगम ने संयुक्त रूप से किया।

---

#### सेंटा क्लॉज ने दिया स्वच्छता का संदेश देकर लोगों को किया जागरूक

# नगर निगम व एनजीओ ने मिलकर झोपड़ पट्टियों में आयोजित किया 'क्रिसमस डे'

नगर आयुक्त विक्रमादित्य ने कहा कि शहर में क्रिसमस डे के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन जागरूकता अभियान अलग तरीके से चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग टीम ने सेन्टा क्लाज बनकर, शहर वासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम ने क्रिसमस डे के अवसर पर सेंटा बनाया गया, जिसके माध्यम से मलिन बस्ती क्षेत्र में जाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। एनजीओ के साथ मिलकर मिलकर कवि नगर क्षेत्र मे रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए उपहार भी दिए।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य ने कहा कि शहर में क्रिसमस डे के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन जागरूकता अभियान अलग तरीके से चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग टीम ने सेंटा क्लाज बनकर, लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। कवि नगर ज़ोन के विवेकानंद नगर वार्ड संख्या 65 में मालिन क्षेत्र में टीम द्वारा एनजीओ के पदाधिकारी के साथ मिलकर कार्यक्रम किया, कार्यक्रम मे ट्रिपल आर योजना के अंतर्गत वस्तुओं का वितरण भी किया गया तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए अपील भी की।सांची फाउंडेशन ने भी गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग किया। अनुपयोगी वस्तुओं को कूड़े में न डालने, उसे मलिन बस्तियों के बच्चों को वितरित करने को कहा। ये वस्तुएं झोपड़ पट्टियों के बच्चों व वहां रहने वाले निवासियों के लिए उपयोगी रही।



---

#### सुशासन दिवस समारोह में मंत्री पहुंचे

# विकास के पथ पर बढ़ता भारत देश यही है सुशासन की निशानी




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं ने सुशासन दिवस को सार्थक किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आज हरियाणा सुशासन की राह पर अग्रसर है।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी संबोधित किया।

कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दो महान विभूतियों महामना पं. मदन मोहन मालवीय व भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 23 दिसंबर 2014 को देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों महान विभूतियों को भारत रत्न से अलंकृत किया था। हर वर्ष 25 दिसंबर को दोनों महान विभूतियों के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की है। उन्होंने कहा कि सुशासन को लाने के लिए सबसे पहले सबको अपनी नीयत ठीक करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की फरीदाबाद जिले में जो भी रुके हुए विकास कार्य है उनको तेज गति और सबके सहयोग के साथ समय पर पूरा करना है।

### नेक काम के लिए डॉक्टर सम्मानित

इस अवसर पर एनीमिया फ्री फरीदाबाद प्रोजेक्ट के लिए प्रथम पुरस्कार स्वास्थ्य विभाग से डॉ रचना, डॉ. संगीता शर्मा, डॉ चारु, भावना और भारती और झुग्गी झोपड़ी बच्चों के पुनर्वास योजना के लिए द्वितीय पुरस्कार गरिमा सिंह तोमर, युद्धवीर और परवीन और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए तृतीय पुरस्कार डॉ. राम भगत, डॉ. सीमा बांगर, डॉ बरखा, डॉ. नीरज, डॉ. हर्षित, डॉ. दीपा, डॉ अदीब, डॉ. गजेंद्र, डॉ. दीप्ति, डॉ जोगिन्दर, डॉ. शोभा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सुपरवाइजरों को मोबाइल का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी पूजा वशिष्ठ, एसडीएम परमजीत चहल, सीटीएम हरिराम, सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

---

#### बेसमेंट की खुदाई के दौरान ढही मिट्टी

# गुरुग्राम में मंदिर की दीवार गिरी 5 मजदूर दबे,एक की दर्दनाक मौत

सेक्टर 15 जगन्नाथ मंदिर के अंदर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान अचानक से दीवार गिर गई और नीचे बेसमैंट में काम कर रहे 5 मजदूर मलबे में दब गए। जिसमें से एक की मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम


सेक्टर-15 पार्ट-2 स्थित जगन्नाथ मंदिर के बेसमेंट की खुदाई के दौरान दीवार गिरने से 5 मजदूर मलबे के नीचे दब गया। जिनमें से एक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के सतना निवासी 25 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन सहित एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है।

- मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के सतना निवासी 25 वर्षीय राजेश के रूप में हुई

**खास बातें**

- पुलिस-प्रशासन व एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन
- गंभीर हालत में मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

### मिट्टी खिसकते देख मजदूरों ने शोर मचाया, भागने लगे



दरअसल, जगन्नाथ मंदिर के साथ लगते प्लॉट की खुदाई कर बेसमेंट बनाने का काम एक ठेकेदार के जरिए कराया जा रहा था। सोमवार को ठेकेदार ने पांच मजदूरों को काम पर लगाया था। सोमवार दोपहर को अचानक मिट्टी खिसक गई और मंदिर की दीवार गिर गई। मिट्टी खिसकते देखकर यहां काम कर रहे मजदूरों ने शोर मचा दिया और मौके से भागने लगे, लेकिन राजेश नामक एक मजदूर यहां से भाग नहीं पाया और इसी मलबे के नीचे दब गया। सूचना मिलते ही पुलिस- प्रशासन व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। चंद मिनटों के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पांच मजदूर आधा दबा हुआ मलबे में दिखाई दिया। टीम ने कार्रवाई करते हुए मजदूरों को बाहर निकाला गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### अनुमति थी या नहीं जांच रही पुलिस

गुरुग्राम पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह भी जांच रही है कि बेसमेंट की खुदाई के लिए विभागीय अनुमति ली गई थी अथवा नहीं। इस दौरान मजदूरों को सुरक्षा के क्या इंतजाम दिए गए थे। मामले की जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मुकेश कुमार, एसीपी गुरुग्राम**

---

# चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट, 3 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-10 थाना एरिया के शक्ति नगर एरिया में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि घर की छत तक उड़ गई। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सुभाष अपनी पत्नी सपना व बेटे के साथ शक्ति नगर के मकान नंबर 298 में रहते हैं। वह परिवार सहित रात को सो गए थे। सुबह जब वह उठे तो उन्हें घर में एलपीजी गैस की बदबू आ रही थी। इस बदबू को उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। इसी दौरान वह चाय बनाने लगे। बताया जा रहा है कि जैसे ही चाय बनाने के लिए गैस जलाने के लिए माचिस जलाई वैसे ही जोरदार धमाका हो गया। इस धमाके से न केवल मकान की छत



के परखच्चे उड़ गए बल्कि आसपास के मकान तक हिल गए।

पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों ने घर से बाहर निकलकर देखा और घायलों को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही सेक्टर-10 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि घर पर यह तीनों लोग थे जोकि बुरी तरह से घायल हैं। मामले की जांच की जा रही है।

---

# उज्बेकिस्तानी से फर्जी पुलिसकर्मियों ने साढ़े 13 लाख रुपए ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

किडनी ट्रांसप्लांट के लिए गुरुग्राम आए उज्बेकिस्तान के नागरिकों के साथ फर्जी पुलिसकर्मियों ने ठगी कर ली। कथित पुलिसकर्मियों ने जांच के नाम पर उनका बैग ले लिया और उसमें रखे 16 हजार डॉलर ( करीब साढ़े 13 लाख रुपए) चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गए। इसकी जानकारी पीड़ित ने होटल मैनेजर के माध्यम से पुलिस को दी। सेक्टर-53 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में उज्बेकिस्तान के रहने वाले सोबिरॉय बोतिर ने बताया कि वह अपने दो भाइयों के साथ किडनी ट्रांसप्लांट कराने के लिए गुडग़ांव आए हैं। उनका इलाज आर्टिमिस अस्पताल में चल रहा है और वह क्षेत्र के एक होटल में रुके हुए हैं। 23 दिसंबर की रात को वह अपने भाइयों के साथ घूमने के लिए मॉल गए थे।

---

#### अवैध रूप से सिगरेट बनाने वाली कंपनी पर छापेमारी

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने डीएसपी के नेतृत्व में किया 25 लाख की प्रतिबंधित सिगरेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते को ब्रह्मांड समाज कल्याण ट्रस्ट नई दिल्ली से सूचना प्राप्त हुई कि प्लांट न. 10 डबुआ पाली रोड में निधि तम्बाकू कंपनी में अवैध रूप से पेरिस नाम से विदेशी सिगरेट बनाई जाती है जबकि कंपनी संचालक द्वारा इस प्रकार की सिगरेट बनाने के लिए कोई वैध लाइसेंस नहीं लिया हुआ है क्योंकि इस प्रकार की सिगरेट यहां पर बेचना प्रतिबंधित है।

### दो-तीन सालों से चल रही थी कंपनी



कार्यवाही करने के लिए सीएम उड़नदस्ते के डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में जगदीश इंस्पेक्टर, सतबीर सिंह सब इंस्पेक्टर व ब्रजेश द्वारा ललित सदस्य ब्रह्मानंद समाज कल्याण ट्रस्ट नई दिल्ली व डबुआ कालोनी पुलिस की मदद से चेकिंग की गई। इस दौरान निधि तम्बाकू कंपनी में सुपरवाइजर पंकज हाजिर मिला जिसने बताया कि यह कंपनी सतेंदर उर्फ सैतेन निवासी सेक्टर 21 फरीदाबाद की है तथा करीब 2-3 साल से चल रही है। कंपनी संचालक द्वारा निधि पेरिस नाम से सिगरेट बनाने का ब्रांड लिया हुआ है व लेकिन पेरिस नाम की सिगरेट को स्थानीय मार्किट में ज्यादा खरीदा जाता है।

---

#### कथा संवाद में प्रख्यात लेखक से. रा. यात्री को श्रद्धांजलि

# नए लेखक शास्त्रीयता के बजाए लोक में पैठ बनाने वाली रचनाएं दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

वरिष्ठ लेखक व पत्रकार सूर्यनाथ सिंह ने कथा संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व भर में कहानी के जनक हम हैं लेकिन आधुनिक कहानी इसका भारतीय स्वरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि नए लेखकों को शास्त्रीयता के बजाए लोक में पैठ बनाने वाली रचनाएं देने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि रचनाकार अपने समय को रचने के साथ ही मनुष्यता को भी रच रहा है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ लेखक व पत्रकार विकास मिश्रा ने कहा कि कहानी पानी की तरह प्रवाहित होती दिखाई देनी चाहिए, बर्फ की तरह स्थूल नहीं। उसकी रवानगी से लगना चाहिए कि गंगा गंगोत्री से उतर कर गंगा सागर तक जा रही है।




कथा रंग की ओर से आयोजित 'कथा संवाद' में विकास मिश्रा ने कहा कि लोक को प्रभावित करने वाली रचना वह होती है जिन्हें पान का खोखा या चाय की दुकान चलाने वाला भी उठा ले। कहा कि कहानीकार या कवि की कोई आयु नहीं होती, जिनके मन में प्रेम है वही रचनाकार हो सकता है।

मिश्रा ने कहा कि लेखक को बॉडी शेमिंग से बचने के साथ ही स्त्री के चित्रण में प्रयुक्त शब्दावली के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए। मोटी, काली, भद्दी जैसे शब्द या गालियों के अनावश्यक प्रयोग से बचना चाहिए। सूर्यनाथ सिंह ने कहा कि आज के दौर में आलोचक नहीं रहे हैं। लिहाजा नए रचनाकारों को आलोचना से नहीं घबराना चाहिए।

विमर्श में सुरेंद्र सिंघल, आलोक यात्री, सुभाष अखिल, सत्यनारायण शर्मा, सुधा गोयल, उत्कर्ष गर्ग, नेहा वैद, सिनीवाली, अक्षरावरनाथ श्रीवास्तव, कल्पना कौशिक, के. के. जायसवाल, रेणु अंशुल, तुलिका सेठ, राजीव कुमार वर्मा व रवीन्द्र कुमार रवि ने भी विचार व्यक्त किए।

---

#### अउआ के 24वें वार्षिकोत्सव में का देखने लायक रहा उत्साह

# इलाहाबाद विवि के पूर्व छात्रों ने सामयिक मुद्दों पर रखे विचार व भविष्य की रणनीति बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

इलाहाबाद विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ (अउआ) के 24वें वार्षिकोत्सव में देश-दुनिया के सामयिक सवालों पर जिस तरह पूर्व छात्रों ने अपने विचार रखे, कहना पड़ेगा कि ''कुछ तो है, जो हस्ती मिटती नहीं हमारी''। इस समारोह में विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके तमाम विद्वान, ब्यूरोक्रेट्स, पत्रकार, उद्योपति, अधिवक्ता, शिक्षक और अन्य तमाम क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित किया गया।

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के बाद शुरू हुए समारोह में मुख्य अतिथि इकॉनॉमिक कौंसिल ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सलाहकार और कई विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर रहे डॉ. कमलेश मिश्रा ने कहा कि देश ही नहीं, दुनिया के तमाम देशों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने अपने संस्थान और देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह का जज्बा इलाहाबाद के पुरा छात्रों में है, उन्होंने दुनिया के किसी भी शिक्षण संस्थान के छात्रों में नहीं देखा। ऐसा इसलिये है कि इस विश्वविद्यालय के छात्र अध्ययन के उच्च मानदंडों को अपनाए रखने के साथ ही सम-



सामयिक सवालों पर अपने खुले विचार रखने में कभी पीछे नहीं रहे हैं।

पद्मश्री प्रो. जेएस राजपूत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस समारोह में विशिष्ट अतिथि फिजी समेत सात देशों की राजदूत रह चुकीं पद्मजा पांडे ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कार प्राप्त करने वाले पुरा छात्र ऐसे खुशबूदार फूल हैं, जो जहां कहीं भी जाते हैं, अपनी खुशबू छोड़ देते हैं। श्रीमती पांडे ने कहा कि उन्हें जिस भी देश में काम करने का मौका मिला है, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुरा छात्र उन्हें जरूर मिले हैं और उन देशों में उन्होंने अपनी प्रतिभा की धाक कायम कर रखी है।

### पुरानी यादें साझा करते समय भावुक हुए

केन्द्रीय विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर रह चुके डॉ. आलोक मिश्रा विश्वविद्यालय की पुरानी यादें साझा करते समय भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से न केवल शिक्षा मिली है, बल्कि ऐसा शानदार परिवार भी मिला है, जिसके सदस्य दुनिया भर में मिलते हैं। वरिष्ठ आईपीएस व यूपी पुलिस रिक्यूटमेंट बोर्ड के सदस्य आरके चतुर्वेदी ने इस मौके पर कहा कि अउआ के बैनर तले पुरा छात्रों की सक्रियता और कार्यक्रम प्रेरणादायी रहे हैं। अपने परिवार के कार्यक्रम में शामिल होने पर विश्वविद्यालय की पुरानी यादें साझा करने का मौका मिलता है। नौकरी और कामकाज के तनाव में ऐसे कार्यक्रम संबल प्रदान करते हैं। राज्यपाल यूपी के ओएसडी रह चुके चन्द्रप्रकाश पांडे ने कहा कि हमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय का पुरा छात्र कहते हुए गर्व का अनुभव होता है।

## 2024 के नए कैलेंडर का भी लोकार्पण किया

### प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रम आयोजित

# सुशासन दिवस पर मनोहर सौगात : ग्रुप-डी कर्मियों के तबादले के लिए पोर्टल लॉन्च, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिए स्मार्टफोन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले 9 वर्षों से व्यवस्था परिवर्तन का प्रयास किया है और उन्होंने अनुशासन को ही सुशासन का आधार माना है। लोगों को घर बैठे सरकारी सेवाओं का लाभ सुलभता से पहुंचे यहीं सुशासन का मूल मंत्र है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला में सुशासन दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित अधिकारियों व अन्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने जन सहायक एप का लोकार्पण किया। वहीं, ग्रुप डी के कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर पोर्टल की शुरुआत भी की। कार्यक्रम में 2024 के नए कैलेन्डर का भी लोकार्पण किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी वर्कर को स्मार्टफोन वितरित किए। प्रदेश भर में 25000 आंगनवाड़ी वर्कर्स, 1,000 सुपरवाइजर और 140 बीडीपीओ को स्मार्टफोन दिए गए हैं। इस अवसर पर सभी जिला मुख्यालयों से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण और जिला प्रशासन के अधिकारीगण ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इस मौके पर सीएम ने लोगों को कई सौगातें दी।

### 11.50 लाख से अधिक लोगों की सीएमओ तक पहुंच

महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में ही देश को पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण से जोड़ने का कार्य शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सुशासन का रोल मॉडल माना जाता है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2014 में हर वर्ष उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की पहल की है। आज सीएम विंडों के माध्यम से 11.50 लाख से अधिक लोगों की सीधी पहुंच उन तक हुई है।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया



### ये ऐलान और सम्मान

**ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल:** ग्रुप-डी कर्मियों के ऑनलाइन स्थानांतरण पोर्टल को लांच किया। इस पर ग्रुप-डी अधिनियम 2018 लागू होने के बाद जो कर्मचारी नियुक्त हुए थे वे इस पोर्टल पर अपने तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**आत्मनिर्भर पोर्टल:** इस पर हर व्यक्ति अपने परिवार पहचान पत्र के 5 दस्तावेजों को देख सकेगा। जिसमें पीपीपी, राशन कार्ड, जाति/आय प्रमाण पत्र, वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र, अति वरिष्ठ नागरिक प्रमाण पत्र शामिल।

**जनसहायक मोबाइल एप:** इसमें शिकायतें एवं सेवाएं, मेरी फसल-मेरा ब्योरा से किसान का विवरण, किसान गेट पास, ई-खरीद, जे-फार्म विवरण, संपत्ति विवरण, विवाह पंजीकरण जैसी सुविधाएं मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध हो सकेंगी।

**स्मारिका विमोचन:** समेकित बहुउद्देशीय क्रियाकलाप सहकारी समितियां (सीएमपैक्स) स्मारिका का विमोचन किया जिसका उद्देश्य सहकारी आंदोलन से लोगों को जोड़ना है।

**कैलेंडर:** 2024 के कैलेण्डर का विमोचन।

**पुरस्कार बांटे:** सीएम मनोहर ने 12 अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन पुरस्कार भी प्रदान किए, जिनमें 6 स्टेट लेवल फ्लैगाशिप अवार्ड, 3 स्टेट लेवल अवॉर्ड और 3 जिला स्तरीय गुड गवर्नेंस अवार्ड देकर अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### जेपी गंगा पथ पर पैरा ग्लाइडिंग पर रोक



**पटना।** जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर पैरा ग्लाइडिंग पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने जांच की गई तो मानक के अनुरूप पैरा ग्लाइडिंग नहीं हो रही थी। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि संचालक को इस बारे में कहा गया था कि बिना लाइसेंस के ग्लाइडिंग न करें। बिना लाइसेंस के पिछले एक सप्ताह से मरीन ड्राइव पर पैरा ग्लाइडिंग की जा रही थी। कई लोगों ने प्रशासन से शिकायत की थी ।

### शराबी पति ने पत्नी को हथौड़ी से पीटकर की हत्या




**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र के बनहौरा में शराब के लिए रुपए नहीं मिलने से नाराज पति ने पत्नी की हथौड़ी से वारकर हत्या कर दी। पत्नी पूनम एक्का के सिर पर हथौड़ी से वार करते समय पति सुनील एक्का नशे में धुत था। इससे पूर्व उसने पत्नी के साथ विवाद में धक्का-मुक्की भी की थी। पंडरा ओपी के थानेदार को उस समय हुई जब पति सुनील खुद ओपी पहुंचा और अपना जुर्म कबूल करते हुए घटना की जानकारी दी।

### सीएम योगी ने 148 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# बटेश्वर में पूर्व प्रधानमंत्री की यादों पर सांस्कृतिक संकुल केंद्र का लोकार्पण

एजेंसी ▶▶| आगरा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। जयंती पर सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के आगरा के बाह क्षेत्र स्थित उनकी जन्मस्थली बटेश्वर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की यादों पर सांस्कृतिक संकुल केंद्र का लोकार्पण किया। साथ ही 148 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि विराट व्यक्तित्व के स्वामी अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में स्थिर सरकारों की नींव रखी। उनसे पहले देश में सिर्फ अस्थिर सरकार बनती थीं। अस्थिर सरकार के कारण ही पाकिस्तान में भुखमरी के हालात हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में स्थिर सरकार बनी है। साढ़े तीन साल से राशन मिल रहा है। अगले पांच साल की गारंटी है। सीएम योगी ने अटल जी पर बनाई गई शॉर्ट फिल्म भी देखी।

**खास बातें**

- अटल जी की प्रतिमा का बटन दबाकर किया लोकार्पण
- अस्थिर सरकार के कारण ही पाकिस्तान में भुखमरी के हालात
- अटल जी के परिजनों व करीबियों का शॉल उड़ा कर किया सम्मान

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सूबे के मुखिया पूर्व पीएम की जन्मस्थली आगरा के बाह स्थित बटेश्वर पहुंचे हैं। यहां वह विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।



### ब्रह्मलाल मंदिर में की पूजा-अर्चना

बटेश्वर में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने छोटी काशी के ब्रह्मलाल मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां से निकलने के बाद वह पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती कार्यक्रम में पहुंचे। सभास्थल पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं विधायक बाह रानी पक्षालिका सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एसपी सिंह, राज्य कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कारागार होमगार्ड राज्य मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

### बटेश्वर से गोवर्धन के लिए हेलीपोर्ट सुविधा का शुभारंभ

पूर्व प्रधानमंत्री अटल की प्रतिमा का अनावरण किया। सात ही 148 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। सभास्थल पर पंडाल में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं जनता की भीड़ मौजूद रही। आगरा के बटेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने बटेश्वर से गोवर्धन के लिए हेलीपोर्ट सुविधा का शुभारंभ किया। हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन पीपीपी मोड पर किया गया ।12 दिसंबर 2023 को मेसर्स राजस एयरोस्पोर्ट एंड एडवेंचर प्रालि. के साथ सरकार का एग्रीमेंट हुआ था। कंपनी को हेलीपोर्ट 30 साल के लिए लीज पर दिया गया है।

### उत्तर प्रदेश में हर ओर विकास

सीएम योगी ने कहा कि पहले बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। किसान खेत पर नहीं जा पाता था। विकास के पैसे का बंदरवाट होता था। आज वही उत्तर प्रदेश है, जहां विकास भी हो रहा है।गांव की कनेक्टविटी भी हो रही है। न केवल रोड व हवाई जहाज की कनेक्टविटी बेहतर हो रही है। बल्कि यूपी में आज हर ओर विकास हो रहा है।

### चित्रकला प्रदर्शनी का दिनेश शर्मा ने किया उदघाटन

# वाजपेयी जी में विकास का अटल विश्वास था, अदभुद सोच रखते थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनऊ

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहरी वाजपेयी की याद में जाने माने चित्रकार स्व. राजेन्द्र करण की आयल और वाटर कलर पेंटिंग का उदघाटन पूर्व उप मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शार्मा ने कला स्त्रोत आर्ट गैलरी में सोमवार की शाम को यहां किया।

इस मौके पर लखनऊ बीकेटी के भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंच कर स्व. वाजपेयी को याद किया। अटल बिहारी वाजपेयी विभिन्न स्थितियों और मुद्राओं में पेंटिंग देखने के बाद डा. दिनेश शर्मा ने भावुक होकर बोले के जब वाजपेयी जी विकास के बारे में सोचते थे तो बिल्कुल ऐसे ही लगते थे।

उन्होंने कहा कि देश में विकास की सच्ची यात्रा की शरुवात अटल के जमाने में शुरू हुई। जब वह लखनऊ के सांसद हुए और फिर प्रधानमंत्री बने तो लखनऊ की भी तस्वीर बदल गई। सारे फ्लाई ओवर उसी वक्त के दौरान प्रस्तावित किए गए। जो आज जनता को सहूलियत प्रदान कर रहे हैं।

### वे एक कवि के साथ... एक विचारक भी थे

दिनेश शर्मा ने उन क्षणों को याद करते हुए कहा कि वाजपेयी जी अदभुद सोच रखते थे। वह एक कवि थे। एक विचारक थे के साथ-साथ एक विकासकर्ता थे। विकास पुरुष थे। आज जरूरत इस बात की है कि हमें उनके विकास और सामाजिक सदभाव के रास्ते पर चलना चाहिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुधाकर त्रिपाठी, चित्रकार राजेन्द्र करण की पत्नी किरण, उनके पुत्र रोहनीश करण व कला स्रोत आर्ट गैलरी के अनुराग डिडवानी आदि के साथ कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### 50 फीसदी नए...

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, दमोह, राजगढ व नरसिंहपुर से दो-दो मंत्री व बाकी जिलों से एक-एक मंत्री बने हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिमंडल विस्तार में क्षेत्रीय, जातीय व जिलेवार संतुलन को साधने की पुरजोर कोशिश की है। मंत्रिमंडल विस्तार में 7 सामान्य, 12 ओबीसी व बाकी एससी-एसटी विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इसके लिए हालांकि स्थानीय संगठन व संघ पदाधिकारियों से लेकर नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्रियों से चर्चा की गई। इस विस्तार में मप्र से मुख्यमंत्री यादव के अलावा किसी की नहीं चली। पुराने मंत्रियों को दरकिनार करने की मुख्य वजह क्षेत्रीय संतुलन व उनके पुराने परफॉरमेंस व अंदरूनी रिपोर्ट को देखा गया। इसमें भी क्षेत्रीय संतुलन भारी रहा। अभी भी हालांकि विधानसभा की कुल संख्या के हिसाब से 15 फीसदी यानी कुल 34 मंत्री बनाए जा सकते हैं। अभी सीएम व दो डिप्टी सीएम समेत कुल 31 हैं। इस तरह से तीन मंत्री और बनाए जा सकते हैं। राजभवन में सोमवार को गरिमामय माहौल में दोपहर बाद 3.30 बजे राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के सांदीपनी सभागार में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व वरिष्ठ भाजपा व संघ के नेता मौजूद थे। शपथ विधि का संचालन मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने किया। शपथ ग्रहण समारोह को काफी सीमित रखा गया था। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा वीडी शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सूची फाइनल करने तीन बार दिल्ली गए थे:** मंत्रियों के नाम फाइनल करने में मुख्यमंत्री को पिछले 12 दिन में तीन बार दिल्ली जाना पड़ा। कैबिनेट, स्वतंत्र प्रभार व राज्यमंत्रियों के चयन में दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ ही संघ नेताओं व प्रदेश अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी गई। पिछले 48 घंटे में ही कई तरह के बदलाव करने पड़े। कुछ मामलों में तो वरिष्ठ नेताओं के दबाव को दरकिनार कर दिया गया। संगठन का स्पष्ट कहना था कि चूंकि सभी को मंत्री नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में नए विधायकों पर ज्यादा भरोसा जताया गया।

**चौंकाने वाले निर्णय लिए गए:** भोपाल जिले से चार दावेदार थे। किंतु दो को ही मंत्री बनाया जा सकता था। मुख्यमंत्री ने वही निर्णय लिया। रायसेन जिले से पिछली बार डॉ. प्रभुराम चौधरी मंत्री थे, इस बार उन्हें मौका नहीं दिया गया। जबकि पुराने भाजपाई, पहली बार के विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल को मंत्री बनाया गया। नरेंद्र के पिता शिवाजी पटेल करीब 20 वर्ष पहले भाजपा के जिलाध्यक्ष रह चुके थे। बैतूल जिला पूरी तरह से अछूता रहा। यहां से एक भी विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया।

**नए विधायकों पर बड़ी जवाबदारी:** मंत्रिमंडल में 50 फीसदी नए विधायकों को मंत्री पद दिया गया है। इस हिसाब से मुख्यमंत्री यादव ने पुरानों के साथ ही नए विधायकों पर भरोसा जताया है। हालांकि, इनमें से कई ऐसे हैं, जो दो-दो बार के विधायक हैं। कैबिनेट मंत्रियों में चार विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार मप्र विधानसभा का टिकट लेकर चुनाव लड़े और विधायक बने। हालांकि, यह सभी केंद्र में जरूर सांसद और मंत्री थे। अब उन्हें प्रदेश में भी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

**कैबिनेट मंत्री:**

1.प्रद्युम्न सिंह तोमर, ग्वालियर
2.तुलसी सिलावट, इंदौर
3. एंदल सिंह कसाना, मुरैना
4.नारायण सिंह कुशवाह, ग्वालियर
5.विजय शाह, खंडवा
6.राकेश सिंह, जबलपुर
7.प्रह्लाद पटेल, नरसिंहपुर
8.कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर-1
9.करण सिंह वर्मा, इछावर, सीहोर
10.संपतिया उईके, मंडला
11.राव उदय प्रताप सिंह, गाडरवारा, नर्मदापुरम
12.निर्मला भूरिया, पेटलावद झाबुआ
13.विश्वास सारंग, नरेला भोपाल
14.गोविंद सिंह राजपूत, सुरखी सागर
15.इंदर सिंह परमार, शाजापुर
16.नागर सिंह चौहान, अलीराजपुर
17.चैतन्य कश्यप, रतलाम
18.राकेश शुक्ला, मेहगांव भिंड

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )**

19.कृष्णा गौर, गोविंदपुरा भोपाल
20.धर्मेंद्र लोधी, जबेरा दमोह
21.दिलीप जायसवाल
22.गौतम टेटवाल
23. लखन पटेल, दमोह
24. नारायण पवार, राजगढ़

**राज्यमंत्री**

25.राधा सिंह, चितरंगी सीधी
26.प्रतिमा बागरी, रैगांव सतना
27.दिलीप अहिरवार, चंदला छतरपुर
28.नरेंद्र शिवाजी पटेल, उदयपुरा, रायसेन

**पहली बार जीते 9 विधायक बने मंत्री, इनमें 4 पूर्व सांसद भी:** भोपाल। यादव के मंत्रिमंडल में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीते 9 सदस्यों को शामिल किया गया है। इनमें 4 पूर्व सांसद हैं। ये पहली बार विधायक बने हैं लेकिन वरिष्ठ होने के कारण इन्हें सीधे कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। मंत्रिमंडल में शामिल 5 सदस्य पहली बार ही चुनकर आए हैं। इन सभी को राज्य मंत्री के तौर पर शामिल किया गया है। इनमें लखन पटेल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया है। पहली बार जीत कर आए जिन पूर्व सांसदों को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, इनमें प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, राव उदय प्रताप सिंह और संपत्तिया उइके शामिल हैं। इनमें संपतिया राज्य सभा सदस्य रही हैं। भाजपा ने अनिल माधव दवे के निधन के बाद इन्हें राज्यसभा भेजा था। इससे पहले ये मंडला की जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने वाले राकेश सिंह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। राव उदय प्रताप सिंह होशंगाबाद सीट से सांसद रहे हैं और पहली बार विधायक बने हैं। विधानसभा का पहली बार चुनाव जीते 5 सदस्यों को राज्य मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई है। इनमें दमोह जिले की पथरिया से जीते लखन पटेल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया है। इनके अलावा दिलीप अहिरवार छतरपुर जिले की चंदला, प्रतिमा बागरी सतना जिले की रैगांव, नरेंद्र शिवाजी पटेल रायसेन जिले की उदयपुरा और राधा सिंह सिंगरौली जिले की चितरंगी सीट से पहली बार निर्वाचित हुए हैं और इन्हें राज्य मंत्री बना दिया गया है।

### महासम्मेलन के जरिए पूर्वांचल में ताकत दिखाएगी कांग्रेस

# गाजीपुर में लगेगा नेताओं का जमावड़ा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कांग्रेस की ओर से पश्चिम में जहां यूपी जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है वहीं पूर्वांचल में महासम्मेलन के जरिए गोलबंदी हो रही है। इसके तहत 26 को गाजीपुर में होने वाले पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के दिग्गज जुटेंगे। इस सम्मेलन के जरिए जातिगत जनगणना कराओ, आरक्षण बढ़ाओ अभियान अभियान को धार दिया जाएगा।

कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में अलग- अलग कार्यक्रमों के जरिए लोगों में पैठ बनाने की रणनीति अपनाई है। इसके तहत दलित गौरव संवाद के बाद 20 दिसंबर से सहारनपुर से यूपी जोड़ो यात्रा निकाली गई है। यह यात्रा लखनऊ तक आएगी। पश्चिम के ज्यादातर नेता इस यात्रा में शामिल हैं। ऐसे में पूर्वांचल में भी गतिविधियां चलती रहें, इसे ध्यान में रखते हुए 26 दिसंबर को गाजीपुर में पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से महासम्मेलन किया जा रहा है। इसमें जौनपुर, सुल्तानपुर, बलिया, मऊ, गोरखपुर वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर सहित अन्य जिलों के पिछड़े वर्ग के कांग्रेस नेताओं को बुलाया गया है। गाजीपुर के लंका मैदान में होने वाले इस महासम्मेलन का मुख्य मुददा जातिगत जनगणना कराओ, आरक्षण बचाओ रहेगा।



### गठबंधन की नाराजगी पर बोले नीतीश

# खबरें गलत, पद की नहीं कोई इच्छा



पटना। आईएनडीआईए अलायंस की चौथी बैठक में नाराजगी की खबरों को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सफाई दी है। नीतीश ने स्पष्ट किया है कि नाराजगी की खबरें गलत हैं। पद को लेकर मेरी कोई इच्छा नहीं है। यह बात मैंने शुरू से कही है। उन्होंने इंडिया अलायंस के संयोजक को लेकर भी बात की है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में इंडिया अलायंस की बैठक में नाराजगी की खबरों को खारिज किया है। नीतीश ने साफ किया है कि वो शुरुआत से अपने रुख पर कायम हैं।

### मोहराबादी मैदान में आयोजित आदिवासी रैली में प्रदर्शन

# धर्मांतरण करने वालों को आरक्षण के दायरे से हटाने की मांग

एजेंसी ▶▶| रांची

मोरहाबादी मैदान में आयोजित उलगुलालन आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली में राज्यभर से जनजाति समाज के लोग उमड़ पड़े और धर्मांतरित लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं देने की मांग की। जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से आयोजित इस महारैली में कहा गया कि जिसने जनजाति आदि मत एवं विश्वास का परित्याग कर दिया है और इसाई या इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया है, उसे अनुसूचित जनजाति समाज का सदस्य नहीं समझा जाए। ऐसे लोगों एवं समूह को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण लाभ नहीं मिले। महारैली की अध्यक्षता जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संरक्षक और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने की। उन्होंने कहा कि पुरातन काल से रूढ़ि और परंपरा का निर्वहन कर रहे जनजाति समाज की उन्नति के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण व अन्य सुविधा का प्रावधान किया था। इस सुविधा का लाभ दूसरे लोग उठा रहे हैं। यह अब बंद होना चाहिए।

### खास धर्म ने किया संवैधानिक अतिक्रमण



महारैली में वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि जनजाति आरक्षण पर एक खास धर्म द्वारा संवैधानिक अतिक्रमण हुआ है। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की कि डॉ कार्तिक उरांव और संयुक्त संसदीय समिति की सिफारिश को मानकर धर्मांतरित लोगों को एसटी आरक्षण की सूची से हटाया जाए। इससे 12 करोड़ परंपरागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजाति की रोजी-रोटी का सवाल जुड़ा है। वक्ताओं ने राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि वे एसटी के लिए आरक्षित सीट पर धर्मांतरित व्यक्ति को टिकट नहीं दें।

### धर्म बदलने वाले ले रहे एसटी आरक्षण का लाभ

राष्ट्रीय केंद्रीय टोली सदस्य सत्येंद्र सिंह खेरवार ने कहा कि धर्मांतरित लोग 75 साल से एसटी के आरक्षण का 80 लाभ लेते आ रहे हैं, जबकि उन्हें इसका अधिकार नहीं है। झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा के अध्यक्ष मेधा उरांव ने झारखंड सरकार से धर्मांतरित लोगों को एसटी आरक्षण से वंचित करने संबंधी बिल विधानसभा में पारित कर केंद्र को भेजने की मांग की।

### धर्म बदलने से आदिवासी की पहचान मिट जाती है: उईके

पूर्व न्यायाधीश प्रकाश सिंह उईके ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के अनुच्छेद-341 में यह व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजाति के जो लोग इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाएंगे, उन्हें जनजाति का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि ईसाई या मुस्लिम धर्म में जाने से आदिवासी की पहचान मिट जाती है। जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने कहा कि देश की 700 से अधिक जनजातियों के विकास के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण व अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था, लेकिन इन सुविधाओं का लाभ वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं।

हरिभूमि
# सहेली
वर्षांत-नववर्ष विशेषांक 2023 2024

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



## जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

### सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

### माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं



बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*



### वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जाने लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

### मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। ❁



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

## बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। ❁



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

## विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

सलाह / मनीषा

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।

**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद- कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।



**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

## न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

सजेशन / ललिता गोयल

साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

### वेन्यू की हो जानकारी

पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

### ड्रेसअप का रखें ख्याल

पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।



### सभी से घुलें-मिलें

पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।



### डाइट का रखें ख्याल

न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

### रूल्स फॉलो करें

नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। ❁

## बुलंद हौसले से कायम की मिसाल

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

तमाम विपरीत स्थितियों के बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।



निर्मला सीतारमण | लीना नायर | निगार शाजी | नेहा नर्खेड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है।

**स्पोर्ट्स फील्ड :** मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स में पारुल ने स्वर्ण, रजत पदक और अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई।

**साइंस-टेक्नोलॉजी :** इस साल भारत ने सफलतापूर्वक आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला वैज्ञानिक निगार शाजी थीं।

**बिजनेस :** बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल हुईं।

**सोशल वर्क:** इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रृंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा था और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे।

**टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन :** फुटियून इंडिया के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाओं की सूची-

1.निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2.नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9.अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ❁



प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक

# 'प्रधानमंत्री मोदी के रूप में देश को मिला एक सशक्त नेतृत्व'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमें गर्व होना चाहिए कि देश को एक सशक्त नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिला है। प्रधानमंत्री मोदी सच्चे अर्थों में गरीबों के मसीहा हैं। हमारा देश आज जिस तेजी के साथ हर क्षेत्र में अग्रसर हो रहा है। विकास के स्वर्णिम अध्याय लिखे जा रहे हैं और गरीबों का उत्थान हो रहा है। विदेशों में भी भारत की गूंज हो रही है। यह सब महत्वपूर्ण कार्य युवाओं के बीच में अधिक से अधिक पहुंचे, इसकी तैयारी सभी कार्यकर्ताओं को करनी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने बैठक को संबोधित किया।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल ने मंडल सशक्तिकरण अभियान, विकसित भारत संकल्प यात्रा और आगामी युवा सम्मेलन में युवा मोर्चा की कार्य योजना को विस्तार से बताया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की योजना हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता यात्रा में सहभागिता कर लोगों को लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। क्रिएटिव यूथ, इनोवेटिव यूथ और क्षमतावान युवाओं से मोर्चा कार्यकर्ता और अधिक संपर्क और समन्वय स्थापित करें।




## नए साल में युवाओं को जोड़ने के लिए चलेगा अभियान: पंवार

*भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने मोर्चा के आगामी कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा सरकार की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को हर नव मतदाता तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इसी उद्देश्य से 1 से 4 जनवरी 2024 तक यूथ ऑर्गनाइजेशन आउटरीच अभियान के माध्यम से युवाओं से संपर्क करेंगे। 5 से 7 जनवरी तक नव मतदाता घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से युवाओं से मोर्चा कार्यकर्ता संपर्क करेंगे। 8 से 11 जनवरी तक शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं से संपर्क किया जाएगा। 12 जनवरी को सभी जिलों में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता-मतदान की महत्वता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 13-16 जनवरी तक विभिन्न विधाओं के खिलाड़ियों से स्टेडियम, क्लब और जिम में युवाओं से संपर्क करेंगे। वहीं 17-19 जनवरी तक कोचिंग सेंटर के युवाओं से संपर्क करेंगे। 20-21 को पुनः नव मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। 24 जनवरी को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में 2-2 नवमतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। इस तरह कुल 460 नवमतदाता सम्मेलन युवा मोर्चा संपन्न करेगा।*

### पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दी बधाई

*प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस साल मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बड़ी भूमिका निभाई है। विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के लिए युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। कुछ माह बाद ही लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं, आप सभी कार्यकर्ता दोगुनी ताकत के साथ फिर एक बार भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करेंगे, ऐसा हमें पूरा विश्वास है।*

## भाजपा विचारों के साथ आगे बढ़ने वाला दल: हितानंद

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने विचारों के साथ आगे बढ़ने वाला दल है। मप्र भाजपा संगठन अपने कार्यों से एक आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। छोटे-छोटे नवाचारों से भाजपा ने एक ऐतिहासिक विजयश्री प्राप्त की है, जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ता भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। नमो ऐप विकसित भारत एंबेसडर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ें।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बोले- जो चुनाव जीतेगा उसे ही टिकट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा के बाद अब भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। विधानसभा में हार के बाद अब कांग्रेस पार्टी लोकसभा के लिए जिताऊ उम्मीदवार की तलाश में जुटी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जो चुनाव जीत सकता है, उसे ही टिकट मिलेगी। दीपक बैज ने कहा कि अगर कोई चुनाव जीतने के लायक है, मतदाता और कार्यकर्ताओं को पसंद है, जो चुनाव जीत सकता है उसे ही टिकट दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस बार विधानसभा की तरह ही लोकसभा में कई सीटों पर महिला प्रत्याशियों को भी चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में है। प्रत्याशियों को लेकर बैज ने कहा कि चाहे युवा हो, चाहे महिला हो, कार्यकर्ता हो, प्रत्याशी हो जो जीत सकेगा उसे मौका मिलेगा।

हजारों मजदूरों का 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित था प्रकरण

# सीएम डॉ. यादव की ठोस प्रशासनिक पहल से हुकुमचंद मिल विवाद का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के 15 दिनों में ही ठोस सकारात्मक पहल करते हुए जिस प्रकार हुकुमचंद मिल इंदौर के मजदूरों को उनका हक दिलाया है वह मप्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। हुकुमचंद मिल के विवाद से संबंधित 15 बिंदुओं से मुख्यमंत्री की इस पहल के महत्व को समझा जा सकता है कि कैसे 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित इस प्रकरण का समाधान हुआ। लगभग 5 हजार मजदूरों को हक़ की राशि मिलेगी।

कपड़ा मिल के लिए सेठ हुकुमचंद को 1923 में 17.52 हे. भूमि लीज पर आवंटित की थी, हुकुमचंद मिल में उच्च गुणवत्ता का कॉटन कपड़ा उत्पादित होता था, जिसका विदेशों में भी निर्यात किया जाता था।

### खास बातें

- वर्ष 1992 के बाद कई कारणों से मिल बंद हो गई
- वित्तीय संस्थानों एवं मजदूरों ने लगाए थे वाद




### उच्च न्यायालय ने 2001 में शासकीय परिसमापक नियुक्त किया

*मिल में लगभग 7000 मजदूर एवं कर्मचारी अधिकारी कार्यरत थे। मिल का संचालन वर्ष 1991 तक चलता रहा, परन्तु वर्ष 1992 के बाद विभिन्न कारणों से मिल प्रबंधन को मिल बंद करना पड़ा। मिल प्रबंधन द्वारा मिल लगाने के लिए एवं मिल संचालन के लिए लिया गया ऋण चुकता न होने के कारण एवं मजदूरों को वेतन एवं अन्य देनदारियों का भुगतान न होने के कारण, मिल प्रबंधन के विरूद्ध कई न्यायालयीन वाद वित्तीय संस्थानों एवं मजदूरों ने लगाए। शासन को भी पक्षकार बनाया गया। उच्च न्यायालय ने 2001 में शासकीय परिसमापक नियुक्त किया एवं ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) को नीलामी के आदेश दिए गए एवं देनदारियों का निपटान करने के निर्देश दिए गए।*

### कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव का किया अनुमोदन

*उच्च न्यायालय इंदौर 2017 एवं 2017 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 2017 के पालन में उद्योग विभाग मप्र शासन की ओर से 50 करोड़ का भुगतान शासकीय परिसमापक को इस शर्त पर किया गया कि सम्पत्ति के निपटान के समय इस राशि की प्रतिपूर्ति शासन को की जाएगी। शासन उच्च न्यायालय इंदौर के आदेशानुसार वर्ष 2019 में मिल की भूमि का भूमि-उपयोग वाणिज्यिक (60 प्रतिशत) एवं आवासीय (40 प्रतिशत) निर्धारित किया गया। भूमि-उपयोग उपांतरण के बाद भी शासकीय परिसमापक से नीलामी के प्रयास किए गए। कैबिनेट की बैठक 2023 में इस समझौता प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया एवं उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मण्डल से उच्च न्यायालय में समझौता प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को प्रस्ताव स्वीकार किया गया एवं समझौता राशि 435.89 करोड़ दो सप्ताह में भुगतान करने के निर्देश दिए गए।*

### कई बार नीलामी के प्रयास, सफलता नहीं मिली

भूमि के स्वामित्व को लेकर शासन एवं नगर पालिका निगम इंदौर के मध्य न्यायालयीन विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा। नगर निगम इंदौर ने दावा हटाने का आवेदन दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय नही दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में प्रकरण पुनः उच्च न्यायालय, इंदौर को नए सिरे से सुनवाई कर निर्णय करने के लिए भेजा। उच्च न्यायालय ने आदेश 2018 से भूमि स्वामित्व नगर निगम इंदौर का घोषित किया। शासन ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के सामने आवेदन 2016 में लगाया कि भूमि पर परियोजना की अनुमति दी जाती है तो शासन सभी देनदारियों का निपटान करेगा।

# महिला और युवाओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

## नए प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखने के बाद कांग्रेस ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को महिला और युवा कांग्रेस की अलग-अलग बैठक ली। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहले सुबह 11 बजे से शुरू महिला कांग्रेस की बैठक दो घंटे चली। इसके बाद पटवारी ने दो बजे से युवा कांग्रेस की बैठक ली। बैठक में पटवारी ने महिला और युवा कांग्रेस से न सिर्फ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उनका रोडमेप मांगा, बल्कि पिछले कामों का भी हिसाब लिया। इसके पहले पटवारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी से भी मुलाकात की। बता दें कि पटवारी लगातार चार दिनों तक कांग्रेस के सभी विभाग, विंग और पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।



### जिला और ब्लॉक स्तर पर योजना की करें मॉनिटरिंग

महिला कांग्रेस की बैठक में पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि महिला कांग्रेस भाजपा की महिलाओं से जुड़ी हर एक योजना पर कड़ी नजर रखे। जिला और ब्लॉक स्तर पर योजना की मॉनिटरिंग करें।

### यूथ कांग्रेस को दी जिम्मेदारी

युवा कांग्रेस की बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यूथ वोटर्स पर फोकस करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले युवा वोटर्स के बीच पकड़ बनानी होगी।

# 11 लाख 76 हजार 815 किसानों के खातों में मुख्यमंत्री साय ने ट्रांसफर किए 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को सोमवार को धान के बोनस का भुगतान किया गया। सीएम विष्णु ने बेंद्री में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए के बकाया बोनस राशि का वितरण किया। यह वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 में समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की राशि है। पिछली बार भाजपा सरकार में अपने घोषणा पत्र में धान पर 300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देने का वादा किया था, लेकिन 2 साल तक बोनस नहीं दे सकी थी।

इस बार भाजपा ने सरकार बनने से पहले मोदी की गारंटी बोलकर बोनस देने का वादा किया था और उसे अब पूरा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। वहीं किसानों को दो साल का बोनस देकर मोदी की गारंटी को पूरा किया है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के अलावा वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### किसान हुए खुश

सीएम साय बोले मुझे बहुत खुशी हो रही है यह बताने में कि आज हमने छत्तीसगढ़ के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 37 सौ 16 करोड़ रुपए हमने ट्रांसफर कर दिया है। किसान आज काफी खुश हैं। राज्य के किसानों का विश्वास छत्तीसगढ़ की सरकार और मोदी जी पर बढ़ा है। हमने सरकार बनते ही गरीबों को 18 लाख आवास देने का निर्णय लिया। जो अपना घर नहीं बना पाए उनके लिए आवास स्वीकृत किया गया। मोदी जी की गारंटी हम पूरी तरह से निभाएंगे।

### आज का दिन ऐतिहासिक है...

मुख्यमंत्री ने कहा आज बेन्द्री गांव की पावन भूमि में 2 साल के धान बोनस वितरण समारोह में आए आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। आज का ये दिन बड़ा ऐतिहासिक दिन है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस की आप सभी को बधाई। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 2 साल का बकाया बोनस हम किसानों को देंगे।

# छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण कांग्रेस सरकार की देन: अरुण साव

**धमतरी।** प्रदेश के नवनियुक्त उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि अधिकारियों की अब मनमानी नहीं चलेगी। बैठक लेकर अधिकारियों को समझाइश दी गई है। इसके बाद भी नहीं सुधरेंगे, तो परिवर्तन बहुत जल्द दिखेगा। रविवार को साहू समाज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर पहुंचे उप-मुख्यमंत्री अरूण साव का नगर घड़ी चौक में भाजपाइयों ने स्वागत किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण कांग्रेस सरकार की देन है। हमारी सरकार अब इसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी। एक सवाल के जवाब में साव ने कहा कि प्रदेश में अधिकारियों की मनमानी अब नहीं चलेगी। बहुत जल्द ही प्रशासनिक तंत्र में परिवर्तन भी दिखेगा। सरकार ने बैठक लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि वे अपना रवैया सुधार लें। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ बनाया और राज्य की जनता ने भाजपा को पुनः सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है। अब हम सब मिलकर इसे संवारेंगे। छत्तीसगढ़ को भारत का सबसे विकसित राज्य बनाएंगे।



कुपोषण से मुक्ति दिलाने पोषण चौपाल से कर रहे जागरूक

# 94 ग्राम पंचायत में किया सर्वे, पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रशासनिक अमला राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातियों को पोषण चौपाल के माध्यम से जागरूक करने में जुटा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा और घर द्वार तक पहुंच कर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निराकरण बता रहे हैं।

प्रशासन की तरफ से ठंड को देखते हुए पीवीजीटी समूह के सदस्यों को स्वेटर, कंबल सहित खाद्यान्न सामग्री का भी वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के पीवीजीटी समूहों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों ने पोषण चौपाल लगाकर पौष्टिक आहार के संबंध में जागरूक किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिनके अंतर्गत विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में बसाहट, टोलापारा, मोहल्ला में सर्वे किया गया है।



विभागों के बंटवारे की प्रतीक्षा में आला अधिकारी और जनता

# मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अब विभागों के बंटवारे का इंतजार, तीन दिन में सौंपे जा सकते हैं दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विष्णुदेव सरकार में मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अब मंत्रियों के विभागों के बंटवारे का इंतजार किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि तीन से चार दिनों के भीतर मंत्रियों को विभाग सौंपे जा सकते हैं। आला अधिकारियों के साथ नेताओं के समर्थक व आम जनता भी मंत्रियों के विभागीय बंटवारे की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए हाल ही में मिशन-100 लॉन्च किया है। ऐसे में विभागों का बंटवारा अब महत्वपूर्ण हो चुका है। दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा ने मुलाकात की थी। राजनीतिक दृष्टि से यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात में राजनीतिक चर्चा किए जाने की बात सामने आ रही है। जिसमें विभागों का बंटवारा भी शामिल हो सकता है।



### कौनसा विभाग रखेंगे सीएम साय

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री साय सामान्य प्रशासन विभाग, खनिज और वित्त विभाग अपने पास रख सकते हैं। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ में बीते 20 वर्षों से अलग-अलग मुख्यमंत्री सामान्य प्रशासन व वित्त विभाग अपने पास ही रखते रहे हैं। वहीं दो उप मुख्यमंत्रियों को ऐसे विभाग बांटे जा सकते हैं जिनका सरोकार सर्वाधिक जनहित से हो व अधोसंरचना से जुड़े हुए हों।

### अपराध पर नियंत्रण के लिए गृहमंत्री पर नजर

प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने के लिए तेज-तर्रार मंत्री को गृह विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि राज्य के गृह मंत्री का पद दो उप मुख्यमंत्रियों में से किसी एक को दिया जा सकता है। आगामी पांच साल के कार्यकाल में अपराध पर लगाम लगाना भाजपा सरकार के लिए बड़ी चुनौती होने वाली है। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रुख स्पष्ट कर दिया है कि कानून व्यवस्था पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सोशल मीडिया में कई सूची हो रही वायरल

सोशल मीडिया में विभागों के बंटवारे को लेकर कई सूची प्रसारित हो रही है। मंत्रियों के नाम के आगे विभागों का भी नाम लिखा हुआ है। हालांकि राज्य सरकार ने अब तक आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नेता ओपी चौधरी को उच्च शिक्षा, बृजमोहन अग्रवाल को लोक निर्माण, राजस्व विभाग, राम विचार नेताम को आबकारी सहित पंचायत विभाग, दयालदास बघेल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इसी प्रकार लखनलाल देवांगन को नगरीय प्रशासन विभाग देने जाने की चर्चा हैं। लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास मंत्री बनाईं जा सकती है।

# ग्वालियर समेत कई रेंज के डीआईजी-आईजी बदले जाएंगे, 10 से अधिक एसपी के भी होंगे तबादले

## पुलिस मुख्यालय की कई शाखाओं के मुखिया के भी कामकाज में होगा बदलाव

*पुलिस मुख्यालय से लेकर गृह विभाग तबादलों और पदोन्नति को लेकर जुट गया है पुलिस के लगभग दो दर्जन आईपीएस अफसरों के नए साल में प्रमोशन होना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस साल के अंत में आईपीएस अफसरों के बड़े पैमाने पर तबादले की कवायद शुरू हो गई हैं। चार रेंज के डीआईजी-आईजी के साथ ही पुलिस मुख्यालय की कई शाखाओं के मुखिया के भी कामकाज में बदलाव होने जा रहा है। जिलों से भी एक दर्जन के लगभग पुलिस अधीक्षकों की बदली होने वाली है। डीआईजी रेंज में भी नए साल की शुरूआत में ही फेरबदल होने वाला है।

पुलिस मुख्यालय से लेकर गृह विभाग तबादलों और पदोन्नति को लेकर अपने काम को अंतिम रूप देने में जुट गया है। पुलिस के लगभग दो दर्जन आईपीएस अफसरों के नए साल में प्रमोशन होना है। इनमें से तीन अफसर अभी जिलों में पदस्थ हैं। अमित सांघी छतरपुर में पुलिस अधीक्षक हैं, वहीं वीरेंद्र सिंह खंडवा और मनीष अग्रवाल इंदौर में डीसीपी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं 2010 बैच के मोहम्मद युसूफ कुरैशी सिंगरौली में पुलिस अधीक्षक हैं और निमिष अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह इंदौर में डीसीपी हैं। इन 6 अफसरों की एक जनवरी को डीआईजी के पद पदोन्नति होना है, ऐसे में अब अफसरों को पदोन्नति के बाद नई पोस्टिंग दी जाएगी। प्रदेश की सात रेंज में पदस्थ अफसर एक जनवरी को आईजी के पद पर पदोन्नत होने जा रहे हैं। इनमें से कितनों को रेंज में आईजी बनाया जाएगा और कितनों को पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा, यह अभी तय नहीं हैं।

### इन अधिकारियों को मिलेगा आईजी का पद


चंद्रशेखर सोलंकी खरगौन, अनिल कुशवाह उज्जैन, आरआरएस परिहार जबलपुर, राजेश कुमार हिंगणकर इंदौर ग्रामीण, मनीष कपूरिया एडिश्नल कमिश्नर ऑफ पुलिस इंदौर, मिथलेष शुक्ला डीआईजी रीवा, अनुराग शर्मा एडिश्नल कमिश्नर ऑफ पुलिस भोपाल, ये सभी अफसर आईजी होने जा रहे हैं।

### ग्वालियर में नए आईजी की तलाश

ग्वालियर रेंज के एडीजी श्रीनिवास वर्मा प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई जा रहे हैं। उनके प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद यहां पर नए एडीजी या आईजी को पदस्थ किया जाएगा। यहां पर राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अफसर की पोस्टिंग होगी। वहीं पुलिस मुख्यालय में पदस्थ स्पेशल डीजी, एडीजी की शाखाओं में बदलाव हो सकता है।

### एसीएस स्वास्थ्य सुलेमान बने तबादला बोर्ड के सदस्य

राज्य शासन ने एसीएस स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान को तबादला बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। सुलेमान को बोर्ड का सदस्य तबादला बोर्ड में पद रिक्त होने के चलते बनाया गया है। मुख्य सचिव तबादला बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं। पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के 30 नवम्बर को रिटायर होने के बाद प्रभारी मुख्य सचिव वीरा राणा अब इसकी अध्यक्ष हो गई हैं। बैंस के अध्यक्ष रहने के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहीं वीरा राणा तबादला बोर्ड की सदस्य थीं, लेकिन अब उनके अध्यक्ष बन जाने के बाद सदस्य का पद रिक्त था। इसलिए राज्य शासन ने एसीएस मोहम्मद सुलेमान को तबादला बोर्ड का सदस्य बनाया है। इस समिति के अध्यक्ष सदस्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव होते हैं। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को इस नियम के बनने के बाद राज्य सरकार की ओर से हर साल प्रदेश में किए गए आईएएस अफसरों के तबादलों की जानकारी भेजना होती है। तबादला बोर्ड अफसरों के तबादले को लेकर शासन द्वारा तय मापदंडों के आधार पर तबादले की सिफारिश करता ह। इसके अलावा सुलेमान आईएएस के मामलों में पक्ष भी डीओपीटी में रखेंगे।



## चिंतन

# रुपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण से भारत को बड़ा फायदा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपये में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। भारत लंबे समय से ग्लोबल मार्केट में रुपये में भुगतान की कोशिश कर रहा है। इसके लिए भारत ने करीब 68 देशों के साथ नीतिगत सहमति भी बनाई है। भारत अपनी मुद्रा रुपये को ग्लोबल मार्केट में एक विनिमय मुद्रा के रूप में स्थापित करना चाहता है। हाल के वर्षों में डॉलर की बढ़ती बादशाहत से दुनिया के अधिकांश देश असहज महसूस कर रहे हैं। डॉलर को लेकर अमेरिकी रुख से भी दूसरे देशों को परेशानी होती है। ऐसे में देश अपनी अपनी मुद्रा में आपसी व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन पहले से कोशिश में लगा है, रूस भी कोशिश कर रहा है, पर उसकी मुद्रा रूबल की हालत खस्ता है। भारत रूस के साथ भी रुपये में भुगतान कर तेल खरीदना चाह रहा था। यूक्रेन जंग के दौरान भारत ने रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल का आयात किया। भुगतान के लिए रुपये पर बात चल रही थी, पर अंत तक आंशिक सहमति ही बन पाई है। इस बीच यूएई से रुपये में तेल खरीद कर जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार को साफ संदेश दिया है कि भारत को सामान बेचने के लिए रुपये में भुगतान एक विकल्प है, वहीं इससे डॉलर पर निर्भरता भी कम होगी। यह भुगतान लेने वाले के लिए भी अच्छा है कि उसे भारत से आयात के समय डॉलर की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है। रुपये में भुगतान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है। अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है, लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं। इस दिशा में भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपये में भुगतान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान रुपये में किया है। इसके अलावा रूस से आयात किए गए कच्चे तेल के कुछ हिस्से का भी भुगतान रुपये में किया गया है। हालांकि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तेल खरीद का भुगतान रुपये में करने से लागत न बढ़े और इसका व्यापार पर किसी भी तरह से नुकसान न पड़े। जहां रकम अधिक नहीं है वहां रुपये में सौदा निपटान में ज्यादा समस्या नहीं होती है, लेकिन जब कच्चे तेल का हरेक जहाज लाखों डॉलर की कीमत का हो तो समस्याएं होती हैं। भारत व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए स्थिति से निपट रहा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से डॉलर की मांग कम करने में मदद मिलेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मौद्रिक झटकों का कम असर होगा। यूएई को रुपये में भुगतान डॉलर की बादशाहत खत्म करने को उठाया गया यह एक बड़ा कदम है। करीब दो सालों से अमेरिका महंगाई को कम करने और डॉलर को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में इजाफा करता जा रहा है। ग्लोबल इकोनॉमी में डॉलर को लेकर अलग से नैरेटिव भी क्रिएट हो रहा है कि कि अब डॉलर के बजाय दुनिया के बाकी देश अपनी-अपनी करेंसी को मजबूत करें। इससे दूसरी मुद्राएं भी मजबूत होंगी। चीन भी डॉलर का मुकाबला करने के लिए युआन का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है और उसने ब्राजील और अर्जेंटीना के साथ करेंसी डील की है। चीन डॉलर के सामानान्तर युआन को लाना चाहता है, जो मुमकिन नहीं है। भारत को तेजी से रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण को आगे बढ़ाना होगा।

## मुद्दा
डॉ. मोनिका शर्मा



# युवाओं के आदर्श बनें सितारे

तेलुगू फिल्मों के चर्चित चेहरे अल्लू अर्जुन ने अपनी आगामी फिल्म में शराब और पान मसाला के विज्ञापन से इंकार कर दिया। प्रस्ताव यह था कि फिल्म के जिस भी दृश्य में अल्लू अर्जुन अपने किरदार को निभाते हुए धूम्रपान करते या पान मसाला चबाते दिखेंगे, स्क्रीन पर उस उत्पाद के ब्रांड का लोगों दिखाया जाएगा। यूं विज्ञापन करने के लिए 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की गई थी। मोटी रकम को ठुकराते हुए इस फिल्मी सितारे ने खुद को इस तरह एक उत्पादों का प्रचार करने में असहज होने का कारण बताया। ज्ञात हो कि यह पहली बार नहीं है जब फिल्मी दुनिया के इस चर्चित चेहरे ने शराब और पान मसाला का विज्ञापन करने से इंकार किया है। इससे पहले एक तंबाकू कंपनी के टेलीविज़न विज्ञापन के लिए भी ना का चुके हैं। मोटी रकम देने की पेशकश के बावजूद युवाओं में पैठ रखने वाले एक सितारे का ऐसे उत्पादों के विज्ञापनों को ठुकराना सुखद उदाहरण ही कहा जाएगा।

दरअसल, फिल्मी दुनिया हो या खेल का संसार। ऐसे क्षेत्रों से जुड़े सफल चेहरों से जुड़ी बातें और बर्ताव ना केवल चर्चा का विषय बनते हैं बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। विशेषकर युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री से लेकर व्यक्तिगत जीवन की बातों तक, युवा काफी गहराई से प्रभावित होते हैं। कुलमिलाकर हानिकारक उत्पादों का प्रचार पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। ऐसे विज्ञापनों से युवा और किशोर भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, लोगों की मनःस्थिति पर सीधा सर करते हैं। यही कारण है कि चर्चित हस्तियों को ऐसे विज्ञापनों का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा था कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर 9 अरब डॉलर का ख़र्च होता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि नामी-गिरामी हस्तियों की खास छवि की जनमानस में गहरी पैठ होती है। जन-कल्याण से जुड़े सजगता का सन्देश देने वाले विज्ञापन हों या खालिस व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुँच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियाँ मोटी धनराशि देकर ऐसे सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के इस्तेमाल की सलाह देते भी नजर आते हैं। हाल ही में भारत सरकार के विकसित भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर बने अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह ने भी टोबैको फ्री इंडिया मुहिम के एक कार्यक्रम में कहा था कि युवाओं के सामने रोजाना तंबाकू के विज्ञापन किए जा रहे हैं। मुनाफे के लिए इनके संवेदनशील दिमागों को निशाना बनाया जा रहा है। ध्यातव्य है कि स्वयं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन करने को ना कह चुके संग्राम सिंह 'तंबाकू फ्री इंडिया' अभियान का चेहरा भी हैं।

ऐसे में किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों की भी जिम्मेदारी है। खिलाड़ी हों या फिल्मी सितारे, जनप्रियता भी एक जवाबदेही साथ लाती है। शराब और तंबाकू उत्पादों के सेवन से जुड़े स्वास्थ्य के खतरे किसी से छुपे नहीं हैं। उच्चत्तम न्यायालय ने भी बीते साल गुटखा तम्बाकू की खुले आम बिक्री पर नाराजगी जताई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कई बार चेताया है कि धीमा जहर कहे जाने वाले तंबाकू उत्पाद कई जानलेवा बीमारियों की जड़ हैं। वहीं शराब की आदत भी दुर्घटनाओं और अपराधों के आंकड़े बढ़ाने से लेकर स्वास्थ्य बिगाड़ने तक, कई जोखिम साथ लाती है। ऐसे में सितारे स्वयं मोटी राशि कमाने के फेर में जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझें। हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन कर उनका बाजार बढ़ाने की वकालत करने का रास्ता ना चुनें।



## राजनीति
अवधेश कुमार

**सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे। निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत निलंबन पर गर्व महसूस करना गलत है।**

# चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

संसद के शीतकालीन सत्र ने अपने माननीय सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड बना दिया। पूरा देश संसद सांसदों के व्यवहार और निलंबन की घोषणा को देखकर विस्मित था। दोनों सदनों को मिलाकर 146 सांसदों के निलंबन की कभी कल्पना भी नहीं की गई होगी। अंतिम दिन तो कांग्रेस के केवल 9 सांसद लोकसभा में बचे थे जिनमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी शामिल थे। सत्र समाप्त होने के साथ आईएनडीआईए के सदस्यों ने पहले संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला और बाद में जंतर-मंतर पर धरना दिया व विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को नाम दिया गया था, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। ठीक विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर लोकतंत्र के अपहरण का आरोप लगाया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि दृश्य ऐसा था मानो विपक्षी सांसद अपने निलंबन करने के लिए गिड़गिड़ा रहे हों। इसमें सबसे चिंता का विषय सरकार और विपक्ष की लड़ाई का लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति बनाम विपक्ष में परिणत हो जाना है। प्रत्यक्ष तौर पर भले यह शत-प्रतिशत न दिखे पर सच्चाई यही है। अगर माननीय सांसद सर्वसम्मति से निर्धारित आचरण को तोड़ते हुए बेल में जाते हैं ,और तख्तियां दिखाते हैं, नारे लगाते हैं, आसान की ओर कागज फेंकते हैं तो यह सरकार का नहीं आसन यानी अध्यक्ष और सभापति का अपमान होता है।

इस समय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच के पत्र व्यवहार को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी चिंताजनक है। वास्तव में उपराष्ट्रपति का पत्र यदि विपक्ष को इस स्थिति के लिए उत्तरदायी ठहराता है तो मल्लिकार्जुन खरगे भी सीधी बात न करते हुए उन्हें ही घेरने की कोशिश करते दिखते हैं। धनखड़ ने खरगे और राकांपा प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वीकार नहीं की जाने वाली मांगों के जरिए सदन को पंगु बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि मेरे आग्रह और प्रयासों को सदन में स्वस्थ कामकाज के लिए आपका समर्थन नहीं मिला। अनुभवी नेता के तौर पर आप जानते हैं कि पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत उच्च प्राथमिकता होती है। सभापति के लिए इससे अधिक पीड़ादायी कुछ नहीं हो सकता है कि मुलाकात का आग्रह स्वीकार नहीं किया गया। यह संसदीय परंपरा के अनुरूप नहीं था। इस तरह का विमर्श सभापति को सदन में सार्थक बहस के लिए प्रेरित करता है। उनके पत्र की एक पंक्ति देखिए,- यह देखकर दुख हुआ कि कुशल राजनीतिज्ञ का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने और उच्च सदन की गरिमा बनाए रखने के बजाय अनुभवी सदस्यों ने भी दलगत भावना से प्रेरित दृष्टिकोण अपनाया। दूसरी ओर खरगे ने अपने पत्र में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा है कि वह इससे व्यथित और चिंतित हैं और निराशा



व दुखी महसूस कर रहे हैं। उनकी पंक्ति देखिए, 'मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर रूल्स एंड प्रोसीजर ऑफ द काउंसिल आफ स्टेट्स यानी राज्यसभा के के नियम व प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों के तहत कई नोटिस दाखिल किए गए थे। खेद का विषय है कि न तो इनको स्वीकार किया गया और न ही मुझे या विपक्षी दलों के किसी अन्य सदस्य को बोलने की अनुमति प्रदान की गई।'

इन पंक्तियों के बाद किसी को संदेश रह जाता है कि खरगे अंततः किसे आरोपित कर रहे है। संसद के दोनों सदन में अंतिम निर्णय अध्यक्ष व सभापति का ही मान्य होता है। खरगे कह रहे हैं कि हमने तो आपको नोटिस दिया लेकिन आपने चर्चा नहीं कराया। वे उपराष्ट्रपति से मिलने की बात कर रहे हैं किंतु इसमें भी उन्होंने लिखा है कि आपसी सहमति से निर्धारित तिथि पर वह उनसे मामले पर चर्चा करें और उनकी चिताओं का निवारण करें। इस तरह की भाषा में लिखा गया पत्र ही बताता है कि स्थिति कितनी बिगड़ चुकी है। सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे।

दो युवकों का दर्शक दीर्घा से कूदना और एक का जूते से प्लास्टिक कैन निकालकर पीला धुआं छोड़ना चिंताजनक घटना थी। अगर कोई स्मोक कैन ले जा सकता है तो वह जहरीला भी ले जा सकता है। इसे गंभीरता से लेकर सुरक्षा में ऐसे आवश्यक बदलाव करने चाहिए जिसे न दर्शक दीर्घि में आने वाले दुष्प्रभावित हो और न ही आगे से इस तरह के जोखिम की संभावना रहे। सभी माननीय सांसदों को ध्यान रखना चाहिए कि देश और दुनिया में ऐसी तस्वीर न बने कि भारत अपनी संसद की सुरक्षा करने में भी सक्षम नहीं है। कुछ विपक्षी सांसद कहने लगे कि कल कोई हथियार लेकर भी अंदर आ जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संसद की सुरक्षा में हथियार लेकर जाने की किंचित भी गुंजाइश नहीं है।

निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत अपने निलंबन पर गर्व महसूस करने और साथियों द्वारा महिमामंडित किए जाने का माहौल बनाया गया। विपक्ष की मांग थी की सुरक्षा चूक पर गृह मंत्री बयान दें जबकि लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं कहा कि संसद की सुरक्षा का दायित्व उनका है, इसलिए वे इस पर बयान देंगे। लोकसभा अध्यक्ष को बयान देने की स्थिति बनायी जानी चाहिए थी। ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर सदन में चर्चा न की जा सके। किंतु इसके लिए दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन दिखाने की आवश्यकता थी। यह विषय सरकार की आक्रामक घेरेबंदी की बजाय सभी दलों के बीच विमर्श का था कि ऐसा क्यों हुआ और आगे इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। ध्यान रखिए कि विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए लगभग अस्तित्वहीन हो गया था तथा कांग्रेस के अहंवादी व्यवहार से इसके कई घटक दलों में नाराजगी थी। भाजपा विरोध के नाम पर संसद में विपक्षी एकजुटता सबसे आसान रास्ता था और रणनीति के तहत ऐसा व्यवहार किया गया। परिणाम हमारे सामने है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# महिमा राम नाम की




संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक़्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## दत्त जंयती



चिकमगलूर में सोमवार को श्रद्धालु दत्त जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभा यात्रा में भाग लेते हुए।


## आज की पाती

### अच्छे नेता की खूबियां थी वाजपेयी जी में

आए हो निभाने को जब किरदार ज़मीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि ज़माना मिसाल दे। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर, शिंदे छावनी में हुआ था। इनकी शिक्षा ग्वालियर में हुई और इन्होंने डीएवी कॉलेज कानपुर से एमए राजनीति विज्ञान में की थी। वाजपेयी एक अच्छे राजनेता ही नहीं थे, बल्कि इनके लिए एक बार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्यसभा में भारतीय राजनीति का 'भीष्म पितामह' कहा था। अटल जी एक अच्छे कवि भी थे। इनकी कविताओं ने हर किसी के अंदर जोश और जज्बा भरा। **-रमेश गौतम**, भाटापारा

## ट्रेंड

### धरती का उपहार



कुछ साल पहले मुझे द होली पोप से मिलने का सौभाग्य मिला था। वो मेरे लिए यादगार पल था। क्रिसमस पर उपहार देने की परंपरा है। इस अवसर पर हम ये विचार करें कि कैसे हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर धरती का उपहार दे सकते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गौरवशाली जीवन



अटल बिहारी वाजपेयी की याद आती है, जिन्होंने मुझे राजनीति से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उन सिद्धांतों और समर्पण को मूर्त रूप देने का प्रयास करता हूं, जिनका अनुकरण आपने अपने गौरवशाली जीवन में किया।
**-वरुण गांधी, भाजपा नेता**

### कोई सम्मान नहीं चाहिए



हमें सिर्फ भगवान पर भरोसा है। मैंने अपना पद्मश्री सम्मान बहन-बेटियों के लिए वापस किया था, उनके सम्मान के लिए वापस किया था और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक मुझे कोई सम्मान नहीं चाहिए। जय हिंद।
**-बजरंग पुनिया, पहलवान**

### सबसे अच्छा तरीका



सर्दी के इस मौसम में छुट्टी पर, इसे उस व्यक्ति के लिए एक उज्ज्वल और खुशी का दिन बनाएं जो सिर्फ गर्म रहने की कोशिश कर रहा है। उसके लिए कुछ दान करें और उसे गर्म कपड़े दें। यह आपके दिल को गर्म करने का भी सबसे अच्छा तरीका है।
**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# करोड़ों डकार गए यूक्रेनी अफसर, हथियार नहीं खरीदे


यूक्रेन रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ अधिकारी को सशस्त्र समझौते से संबंधित 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यूक्रेन के सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने पिछले साल दिसंबर में गोला-बारूद के एक बड़े बैच की खरीद के लिए एक विशेष निर्यात कंपनी के साथ समझौता किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इन अवैध गतिविधियों को साबित करने के लिए दस्तावेज भी है। दोष साबित होने पर आरोपी को 15 साल की सजा हो सकती है। यूक्रेनी मंत्रालय ने गबन किए गए रकम की वसूली के प्रयास शुरू किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के प्रेस और सूचना विभाग के प्रमुख इलारियन पावलियुक ने बताया कि समझौते में संबंधित डिल्वरी के बिना भुगतान शामिल था। हालांकि, अब इस समझौते को खत्म करने और गबन के पैसे वापस पाने के रास्ते की तलाश की जा रही है। सितंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश के रक्षा मंत्रालय से जुड़े कई भ्रष्टाचार घोटालों को उजागर करते हुए रक्षा मंत्री ओलेस्की रेजनिकोव को बर्खास्त किया था। मीडिया के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन से सरकारी भ्रष्टाचार से निपटने के पयासों में तेजी लाने का अनुरोध किया है।



## ऑफ बीट

# सांता क्लॉज़ की उत्पत्ति कहां से हुई?

सेंट निकोलस यह सब सेंट निकोलस से शुरू होता है, एक व्यक्ति जो चौथी शताब्दी में रहता था। कोई भी विश्वसनीय ऐतिहासिक स्रोत उनके जीवन के तथ्यों को साबित नहीं कर सकता है, लेकिन परंपरा के अनुसार, मायरा के सेंट निकोलस, जिन्हें बाद में बारी के सेंट निकोलस के नाम से जाना जाता था, सम्राट कॉन्सटेंटाइन द ग्रेट के शासनकाल के दौरान रहते थे। परंपरा के अनुसार, उनका जन्म एशिया माइनर में प्राचीन लाइकिया के एक शहर पटारा में हुआ था, जो अब तुर्की का हिस्सा है। निकोलस, जो बाद में मायरा के बिशप बने, अपने गहन ईसाई विश्वास और असाधारण करुणा के लिए जाने जाते थे। हालाँकि ऐतिहासिक रिकॉर्ड उनके जीवन का विस्तृत विवरण प्रदान नहीं करता है, परंपरा हमें बताती है कि उन्होंने अपनी युवावस्था में फलस्तीन और मिस्र की यात्रा की, जिससे उनकी गहरी आध्यात्मिक प्रतिबद्धता विकसित हुई। निकोलस जब छोटा था तो अनाथ हो गया था और उसके पास एक बड़ी विरासत थी। उन्होंने इस धन का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए करने का फैसला किया। उनकी उदारता का सबसे प्रसिद्ध कार्य तीन गरीब बहनों के लिए दहेज प्रदान करना था।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल सदैव अटल पर जाकर उनकी 99वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी 99वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है।

### देश को सदैव सर्वोपरि रखाः ओम बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सादर नमन। अटल जी ने देश को सदैव सर्वोपरि रखा। राष्ट्र प्रथम की भावना उनके प्रत्येक निर्णय का आधार होती थी। उनकी स्मृति में आज मनाए जा रहे सुशासन दिवस पर हम जनकल्याणकारी शासन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हैं।'

### एक महान व्यक्ति जिसने लोगों को प्रेरित कियाः अनुराग



'सदैव अटल' पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। एक महान व्यक्ति जिसके शब्दों और कार्यों ने आधी सदी से भी अधिक समय से लोगों को प्रेरित किया है और आगे भी करते रहेंगे। वह सदैव हमारे लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।

### दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला

## केवीएस में दूसरे राज्यों से बना आय प्रमाण पत्र होगा मान्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत किसी छात्र को इस आधार पर प्रवेश से इनकार नहीं कर सकता कि आय प्रमाण पत्र किसी अन्य राज्य से प्राप्त किया गया है, न कि दिल्ली सरकार से।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अधिसूचित किया है कि सभी प्रासंगिक दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक सत्यापित करने और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद, इस उद्देश्य के लिए प्रमाण पत्र राज्य में तहसीलदार के पद से नीचे के अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

इसका तात्पर्य यह है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत देश में कहीं भी केवी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को उस राज्य सरकार से जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है जहां स्कूल स्थित है।

### केवीएस का तर्क अस्थिर

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केंद्र सरकार ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी निर्धारित करने के लिए सकल वार्षिक पारिवारिक आय सीमा 8 लाख रुपए से कम अधिसूचित की है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि जिस आधार पर केवीएस ने याचिकाकर्ता के बच्चे को प्रवेश के लिए खारिज कर दिया है, यानी कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त किया गया है, न कि एनसीटी दिल्ली सरकार से, वह अस्थिर है।

### यह है पूरा मामला?

उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें प्रवेश से इनकार करने वाले अधिकारियों द्वारा जारी 3 जनवरी, 2022 के संचार को रद्द करने के बाद केवीएस (दिल्ली क्षेत्र) को उसके बेटे को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत राष्ट्रीय राजधानी के एक केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश देने का निर्देश देने की मांग की गई थी। दरअसल, यूपी के आजमगढ़ के मूल निवासी याचिकाकर्ता ने शुरू में अपने बेटे के लिए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि वह नौकरी के लिए दिल्ली चले आए और चाहते थे कि उनके बेटे को राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला मिले। चूंकि मुकदमेबाजी के दौरान काफी समय बर्बाद हुआ, इसलिए अदालत ने उसे कक्षा 3 में प्रवेश देने का आदेश दिया है। उन्हें ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र आजमगढ़ के एक तहसीलदार द्वारा जारी किया गया था। केवीएस के वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता के बेटे को न केवल इस आधार पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया कि उस व्यक्ति ने उत्तर प्रदेश से आय प्रमाण पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था, बल्कि इसलिए भी कि आवेदन में अन्य स्पष्ट अनियमितताएं थीं।

# श्रमिकों को सम्मान और वंचितों को 'मान' दिलाना हमारी प्राथमिकताः मोदी

### तीन दशकों के संघर्ष को मिला विराम, हुकुमचंद मिल के 4800 से अधिक मजदूरों को दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' पर इंदौर में 'मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में बटन दबाकर श्रमिकों को बकाया राशि के भुगतान प्रक्रिया का शुभारंभ किया। जबकि मुख्यमंत्री ने हुकुमचंद मिल के मजदूरों को वितरित होने वाले हितलाभ का चेक श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों और लिक्विडेटर को सौंपा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ग्रीन बॉन्ड से अर्जित धनराशि से बनने वाले 60 मेगावाट सौर ऊर्जा प्लांट परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा- श्रमिकों को सम्मान और वंचितों को 'मान' दिलाना हमारी प्राथमिकता में है। डबल इंजन की सरकार कपास के क्षेत्र में इंदौर के पुराने गौरव को फिर से स्थापित करेगी। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम श्रमिक भाई-बहनों की वर्षों की तपस्या तथा सपनों और संकल्पों का परिणाम है। प्रसन्नता है कि ये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती है। इसके साथ ही प्रदेश की नई सरकार का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम गरीब, संघर्षपूर्ण जीवन जी रहे श्रमिकों के लिए आयोजित करना और ऐसे कार्यक्रम में मुझे सहभागिता का अवसर मेरे लिए संतोष का विषय है। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार की नई टीम को हमारे श्रमिक परिवारों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। सोमवार को सांकेतिक तौर पर 224 करोड़ रुपए का चेक सौंपा है। आने वाले दिनों में यह राशि श्रमिक भाई-बहनों तक पहुंचेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लगभग 429 करोड़ के जन कल्याणकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। उन्होंने 175 दिव्यांगजनों को रेट्रोफिटेड स्कूटी वितरित की। इस मौके पर सीएम डॉ. यादव ने कहा कि मैं मजदूर का बेटा हूं, श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

### *नई टीम आने वाले दिनों में ऐसी ही कई और उपलब्धियां हासिल करेगी*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब का आशीर्वाद और उनका स्नेह क्या कमाल कर सकता है, यह मै अच्छी तरह जानता हूं। मुझे यकीन है कि मप्र की नई टीम आने वाले दिनों में ऐसे ही कई ओर उपलब्धियां हासिल करेगी। मुझे बताया गया है कि जब हुकुमचंद मिल के श्रमिकों के लिए पैकेज का ऐलान किया गया तब इंदौर में उत्सव का माहौल निर्मित हो गया था। इंदौर के लोग 25 दिसंबर की तारीख को श्रमिकों को न्याय मिलने के दिन के रूप में याद रखेंगे। इंदौर की स्वच्छता, स्वाद व कपड़ा उद्योग में इसके कीर्तिमान को भी पीएम ने याद किया।*


# जेएन1 वैरिएंट के देश में 63 मरीज मिले, बच्चों-बुजुर्गों को रखनी होगी सावधानी

### कोरोना के नए वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता, दुनिया के कई देशों में संक्रमित मरीज मिल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है, जिसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सरकार ने भी लोगों से सावधानी रखने की अपील की है। बता दें कि भारत में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन1 के मरीजों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। बता दें कि गोवा में सबसे ज्यादा मरीज नए वैरिएंट जेएन1 से संक्रमित पाए गए हैं। गोवा में नए वैरिएंस से संक्रमित मरीजों की संख्या 34 है। वहीं कर्नाटक में 8, महाराष्ट्र में 6, केरल में 6, तमिलनाडु में 4 और तेलंगाना में 2 लोग नए कोरोना वैरिएंट जेएन1 से संक्रमित पाए गए हैं।

### गंभीर बीमारी वाले लोग मास्क पहनें



पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का कहना है, 'जैसे-जैसे सर्दियां आ रही हैं, जेएन1 सब-वैरिएंट के मामलों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है। लेकिन ऐसे में घबराना नहीं है। इसकी जगह बुजुर्ग और गंभीर बीमारी वाले लोग मास्क पहनें। हम वर्तमान में एक एक्सबीबी वैरिएंट वैक्सीन की पेशकश कर रहे हैं जो अमेरिका और यूरोप में जेएन1 वैरिएंट के समान है।'

### जेएन डॉट 1 को लेकर ये बातें चिंताजनक

कोरोना का नया वैरिएंट जेएन1 तेजी से फैलता है और दुनिया के कई देशों में इसके मामले बढ़ रहे हैं। ठंड बढ़ने के साथ जेएन1, इंफ्लुएंजा, रिनोवायरस और अन्य सांस संबंधी बीमारियां के साथ लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। यही वजह है कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि वह सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का इस्तेमाल करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की कोशिश करें।

### हर तीन महीने में अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जरूरत


देश में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को हर प्रकार का सहयोग मिलने का आश्वासन दिया और कहा, 'हमें सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं।' मंत्री ने कहा कि अस्पताल की तैयारियों के लिए 'मॉक ड्रिल' करना, निगरानी बढ़ाना और लोगों से बातचीत जरूरी है। उन्होंने हर तीन माह में सभी अस्पतालों में 'मॉक ड्रिल' करने की जरूरत पर जोर दिया।

**नए वैरिएंट जेएन1 के मरीज**

| | |
|---|---|
| गोवा | 34 |
| कर्नाटक | 8 |
| महाराष्ट्र | 6 |
| केरल | 6 |
| तमिलनाडु | 4 |
| तेलंगाना | 2 |
| अन्य | 3 |
| कुल | 63 |

**बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के केस**

| राज्य | संख्या |
|---|---|
| केरल | 128 |
| कर्नाटक | 73 |
| महाराष्ट्र | 50 |
| राजस्थान | 11 |
| तमिलनाडु | 9 |
| तेलंगाना | 8 |
| दिल्ली | 7 |
| अन्य | 26 |
| कुल | 312 |



## खाद्य पदार्थों की कीमत नियंत्रित करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र ने खाद्य पदार्थों की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पिछले कुछ साल में कई सक्रिय कदम उठाए हैं।

सरकार देश की आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखेगी। वह यहां राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गोयल ने कहा, "आज भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आगे हम मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखेंगे और आर्थिक वृद्धि भी सुनिश्चित करेंगे।

# रिलायंस व डिजनी ने मिलाया हाथ, देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी लेगी जन्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने एंटरटेनमेंट जगत का सबसे बड़ा सौदा हथिया लिया है। इसके सौदे के पूरा हो जाने के बाद रिलायंस भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। रिलायंस और वॉल्ट डिजनी के बीच एक नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया है। इसके तहत वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा।

- वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा

एंटरटेनमेंट बिजनेस का यह सबसे बड़ा मर्जर फरवरी, 2024 तक पूरा हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस को इसमें 51 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी और 49 फीसदी हिस्सा डिजनी का होगा। इस मर्जर में कैश और स्टॉक्स दोनों शामिल हैं। इसके पूरा होने के साथ ही रिलायंस-डिजनी देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी।

### मुकेश अंबानी और वॉल्ट डिजनी के बीच नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया

#### जिओ सिनेमा और डिजनी हॉटस्टार में चल रही थी टक्कर

इस मर्जर में जियो सिनेमा को भी शामिल किया गया है। इसके पास आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स हैं। इससे पहले यही राइट्स डिजनी हॉटस्टार के पास थे। इस सेक्टर में अंबानी को टक्कर डिजनी से ही मिल रही थी। आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स जाने के बाद से ही डिजनी हॉटस्टार के यूजर्स घटने लगे थे।



#### अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी और सोनी की चिंता बढ़ेगी

आरआईएल और वॉल्ट डिजनी के मर्जर से जी नेटवर्क, सोनी टीवी, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स को सीधी टक्कर मिलेगी। मौजूदा समय में आरआईएल की जिओ कई ऐप्स के और विआकॉम18 के साथ मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में मौजूद है।

#### अगले महीने हो सकता है ऐलान

इस मर्जर का ऐलान अगले महीने की शुरुआत में हो सकता है। प्रस्ताव के तहत, किसी भी नकद और स्टॉक स्वैप लेनदेन के पूरा होने के बाद डिजनी भारतीय कंपनी में माइनॉरिटी शेयर जरूर रखेगी।

#### भारतीय कारोबार को बेचना चाहती थी डिजनी

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2023 से ही डिजनी अपने भारतीय कारोबार को बेचने या ज्वाइंट वेंचर के लिए किसी भारतीय कंपनी को पार्टनर बनाने की कोशिश में जुटी थी। डिजनी के कई टीवी चैनल और हॉटस्टार स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म भी है। मर्जर के बाद दोनों कंपनियां पार्टियां मिलकर 1 से 1.5 अरब डॉलर तक का निवेश कर सकती है।

## सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी

# आम चुनाव से पहले विनिवेश हुआ धीमा, वर्ष 2023-24 का लक्ष्य फिर चूकने की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम चुनाव नजदीक आने के साथ ही सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी है और अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का विकल्प चुना है। कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच सरकार ने यह कदम उठाया है।

हालांकि, इसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष 2023-24 के विनिवेश लक्ष्य से फिर चूकने की आशंका है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजीकरण योजनाएं पहले से ही ठंडे बस्ते में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सार्थक निजीकरण अप्रैल/मई के आम चुनाव के बाद ही हो सकता है।

#### आईपीओ व ओएफएस से 10049 करोड़ एकत्र

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 51,000 करोड़ रुपये की बजट राशि में से करीब 20 प्रतिशत यानी 10,049 करोड़ रुपये आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) और ओएफएस (बिक्री पेशकश) के माध्यम से अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के जरिए एकत्र किए गए।

#### कुल 11 लेनदेन लंबित है

कुल मिलाकर करीब 11 लेनदेन हैं जो वर्तमान में डीआईपीएएम (निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग) में लंबित हैं। वहीं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) और एआई एसेट होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) की अनुषंगी कंपनियां जो अब निजीकृत एयर इंडिया की पूर्व अनुषंगी कंपनियों का स्वामित्व रखती हैं... इन्हें आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की 'सैद्धांतिक' मंजूरी पहले ही मिल चुकी है, लेकिन डीआईपीएएम द्वारा ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित नहीं किए गए हैं।



- अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का चुना विकल्प
- विपक्ष ने कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने का लगाया आरोप
- बीपीसीएल, एससीआई और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजी योजनाएं ठंडे बस्ते में

#### विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं

एससीआई, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, बीईएमएल, एचएलएल लाइफकेयर और आईडीबीआई बैंक सहित कई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) की रणनीतिक बिक्री चालू वित्त वर्ष में पूरी होने वाली है। हालांकि, अधिकांश सीपीएसई के संबंध में मुख्य एवं गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है और वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने में देरी हुई है।

#### पीएसयू हिस्सेदारी की बिक्री कम रही

2021-2022 की तुलना में 2023 में प्रमुख पीएसयू हिस्सेदारी बिक्री की संख्या कम रही है। श्रीवास्तव ने कहा, 'विस्तारित नियामक प्रक्रियाओं, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, कुछ क्षेत्रों में निजीकरण का राजनीतिक विरोध और 2024 के आम चुनाव से पहले सरकारी प्राथमिकताओं में बदलाव सहित विभिन्न कारकों के कारण विनिवेश की प्रवृत्ति में हाल ही में गिरावट देखी गई है।'

#### पीएसयू की बिक्री की गति धीमी हुई

रेटिंग एजेंसी फिच ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मौजूदा नरेन्द्र मोदी प्रशासन के 2024 में चुनाव के बाद सत्ता में दोबारा लौटने की 'सबसे अधिक संभावना' है।
शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) की हिस्सेदारी की बिक्री गति हाल ही में धीमी हो गई है।

## छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की बने पहली पसंद

**नई दिल्ली।** छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की पहली पंसद बने रहे। देश के बेहतर आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और भारी खुदरा निवेशकों की भागीदारी से इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 एक लाभप्रद वर्ष साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजारों में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है। मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे हैं। इस साल 22 दिसंबर तक बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 13,074.96 अंक या 45.20 प्रतिशत का आया, जबकि मिडकैप सूचकांक 10,568.18 अंक या 41.74 प्रतिशत चढ़ा। वहीं इस अवधि में बीएसई का 30 शेयर वाले सूचकांक सेंसेक्स में 10,266.22 अंक या 16.87 प्रतिशत की तेजी आई। इस साल 20 दिसंबर को स्मॉलकैप सूचकांक 42,648.86 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और उसी दिन मिडकैप सूचकांक भी 36,483.16 अंक के अपने रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

- शेयर बाजार में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है
- मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे



## स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के विजेता को हार्दिक बधाई

डॉ. पंकज अग्रवाल के मार्गदर्शन में हमारे छात्र श्री ओम मिश्रा, श्री तरुण राघव, श्री भारत भूषण, श्री लक्ष्मण सिंह, सुश्री महक, श्री यश वर्धन (बी.टेक सीएसई द्वितीय वर्ष) को विजेता घोषित किया गया। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 19-20 दिसंबर 2023 को मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित किया गया। जयपुर में कुल 29 टीमों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि के रूप में 100000 रुपये का चेक दिया गया। समस्या कथन है "सरकारी संगठन के लिए ऑनलाइन ब्लॉकचेन आधारित प्रमाणपत्र निर्माण और सत्यापन प्रणाली।" प्रमाणपत्र जारी करने और सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए छात्रों ने एक क्रांतिकारी ब्लॉकचेन-आधारित प्रणाली "सर्टसिक्योर" डिजाइन और विकसित की। उनका प्राथमिक लक्ष्य पारंपरिक प्रमाणपत्र प्रणालियों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना है, जैसे धोखाधड़ी का जोखिम, सत्यापन में अक्षमताएं और एक केंद्रीकृत प्राधिकरण की आवश्यकता। उनका समाधान दस्तावेज़ सत्यापन कतारों में गुजरात सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों को हल करने पर केंद्रित है, परियोजना के लिए हमारा जुनून स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 में हमारी सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति बन गया।

## क्रिसमस के मौके पर बंद रहा शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के लिए साल 2023 के अंतिम सप्ताह की शुरुआत छुट्टी के साथ हुई है। सोमवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर प्रमुख शेयर बाजार जैसे बीएसई और एनएसई में कारोबार स्थगित रहा। बाजार में मंगलवार से सामान्य कारोबार शुरू होगा। बीएसई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, सोमवार को क्रिसमस के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहा। इस कारण इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट और सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं हुआ।

**अब 4 दिनों का ही कारोबार:** अगर शनिवार और रविवार को जोड़ दें तो दिसंबर महीने में शेयर बाजार की कुल 11 दिनों की छुट्टी है। साल के आखिरी सप्ताह में बाजार में 4 दिन का ही कारोबार होने वाला है, क्योंकि साल के अंतिम दो दिनों में शनिवार और रविवार के चलते बाजार बंद रहने वाला है। अंतिम सप्ताह में बाजार की तीन-तीन छुट्टियां पड़ रही हैं।

## रिलायंस का एकल व एकीकृत लाभ अंतर दोगुना से अधिक

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के एकल और एकीकृत शुद्ध लाभ के बीच का अंतर पिछले कुछ वर्षों में दोगुना से अधिक होकर 22,400 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी की अनुषंगी इकाइयों के रूप में काम कर रहे खुदरा तथा दूरसंचार कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि इसकी वजह रही। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। जेपी मॉर्गन ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट का आकलन करने के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा, 'रिलायंस के एकल तथा एकीकृत शुद्ध लाभ के बीच का अंतर काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2019-20 (अप्रैल 2019 से मार्च 2020) में 8,400 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 22,400 करोड़ रुपये हो गया है। दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र में तेजी इसकी मुख्य वजह है।' वित्त वर्ष 2019-20 में रिलायंस ने 30,902 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया।

- जेपी मार्गन ने वार्षिक रिपोर्ट में किया आकलन

### सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबारों से जुड़े जापानी समूह सॉफ्टबैंक ने खुदरा दुकानें चलानी वाली फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर मूल्य के शेयर बेचे हैं। यह शेयर ऐसे समय बेचे गये हैं, जब कंपनी इस सप्ताह आरंभिक सार्वजिक निर्गम के लिए बाजार नियामक सेबी के पास विवरण पुस्तिका जमा करने वाली है।

**जॉब**

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पेटीएम में 10 फीसदी कर्मचारियों की हुई छंटनी, होगा शेयरों पर असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फिनटेक स्टार्टअप पेटीएम एक बार फिर से गलत कारणों से चर्चा में है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि पेटीएम ने एक बार फिर से अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला लिया है। खबरों के अनुसार, पेटीएम ने इस छंटनी में अपने कुल कर्मचारियों के करीब 10 फीसदी हिस्से की छुट्टी कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस बार 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ये छंटनी पिछले कुछ महीने के भीतर हुई है और इसमें पेटीएम की विभिन्न यूनिट के कर्मचारी शिकार हुए हैं। बताया जा रहा है कि पेटीएम ने यह छंटनी अपनी कॉस्ट कम करने के लिए और अपने विभिन्न व्यवसायों को नए सिरे से व्यवस्थित करने के लिए की है।

- आरबीआई के एक्शन का पेटीएम पर हुआ सीधा असर

#### आरबीआई के एक्शन का असर

पेटीएम की बात करें तो उसके लिए बुरी खबरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने अनसिक्योर्ड लोन पर नियामकीय सख्तियां की, जिसका असर पेटीएम पर भी हुआ। आरबीआई के एक्शन के बाद पेटीएम ने स्मॉल टिकट कंज्युमर लेंडिंग और बाय नाउ, पे लेटर बिजनेस को बंद करने का फैसला लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि ताजी छंटनी में इन दोनों सेगमेंट के कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

#### भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी

पेटीएम की इस छंटनी में उसके कुल वर्कफोर्स के करीब 10 फीसदी हिस्से पर असर पड़ा है। इसे किसी भी भारतीय स्टार्टअप में अब तक की हुई सबसे बड़ी छंटनी में से एक माना जा रहा है। स्टार्टअप कंपनियों के लिहाज से 2023 भी ठीक साल नहीं साबित हुआ है। इस साल भारतीय स्टार्टअप ने पहली तीन तिमाहियों में 28 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की। इससे पहले साल 2022 में स्टार्टअप कंपनियों ने 20 हजार से ज्यादा और 2021 में 4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। फिनटेक सेक्टर में देखें तो जेस्टमनी इस महीने के अंत तक बंद होने वाली है।

#### दबाव में शेयरों का प्रदर्शन

शेयर बाजार में भी कंपनी लगातार संघर्ष कर रही है। पिछले एक महीने के दौरान पेटीएम के शेयरों में करीब 28 फीसदी की गिरावट आई है। बीते 6 महीने में इसका भाव 23 फीसदी से ज्यादा डाउन है। दिसंबर महीने के शुरुआती दिनों में तो पेटीएम स्टॉक को 20 फीसदी के लोअर सर्किट का भी सामना करना पड़ा है। अब छंटनी की खबरें सामने आने के बाद शेयरों पर और बुरा असर होने की आशंका है।

**इश्तेहार**

The Court Of Additional District and Session Judge, District Court, Chhindwara
Presiding Officer: श्री दीपराज कवडे
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MIC/0000025/2022)
ब्रजेश चौरसिया बगैरह ........................ वादी
विरूद्ध
ज्योति जैन बगैराह ........................ प्रतिवादी
Process id-/2023
पेशी दिनांक - 12/02/2024
प्रेषिती- (1) ज्योति जैन पति विवेक भागवतकर पिता संतोष जैन पता- निवासी फलेट न0 601 प्लाट न0 डी. 36 सेक्टर न0 56 मेरीनर्स होम गुडगांव हरियाणा

यह कि प्रार्थी ब्रजेश चौरसिया वगैरह ने आपके विरूद्ध एमजेसी प्रकरण के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 18 December 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश (दीपराज कवडे)
जिला न्यायाधीश जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमन नारायण शर्मा उर्फ सन्नी, पुत्र श्री श्याम सुंदर शर्मा निवासी मोहल्ला छोटा बाजार बुहाहेड़ा कोटपूतली, जयपुर ग्रामीण राजस्थान** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 724/21 दिनांक 23.11.2021 भा.द.सं. की धारा 376 के तहत, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमन नारायण शर्मा उर्फ सन्नी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमन नारायण शर्मा उर्फ सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 724/21 दिनांक 23.11.2021 भा.द.सं. की धारा 376 के तहत, थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्रीमन नारायण शर्मा उर्फ सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री जगमोहन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) (उत्तर-पश्चिम)
दि.पु./14574/बाहरी जिला/2023 — कमरा नं.201, रोहिणी जिला कोर्ट्स, दिल्ली

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: नामालूम, पिता का नाम: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र:** 40 वर्ष, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 4 इंच, **रंग:** गेहुँआ, **चोट:** चेहरा कुचला हुआ, **पहनावा:** सफेद रंग की कमीज, भूरे रंग का स्वेटर, नीले रंग की जीन्स और पैरों में काले रंग के जूतू पहने हुए है, जोकि लोथियन रोड, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के पास, गेट नंबर 3, कश्मीरी गेट, दिल्ली में घायल अवस्था में दिनांक **21.12.2023** को थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के क्षेत्र में पाया गया और ट्रॉमा सेन्टर सिविल, दिल्ली में दाखिल किया गया। इलाज के दौरान डाक्टरों ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। शव को सब्जी मण्डी अस्पताल, दिल्ली की मॉचर्री में संरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **FIR No. 755/2023 U/s 279/304A IPC dated 22.12.2023** के तहत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली
DP/14841/N/2023 — फोन नं.: 011-23967889, 8750870123

## राशिफल

**मेष** — किसी विदेशी कारोबार के लिए भाग-दौड़ बढ़ सकती है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लाभ के मौके मिलेंगे।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। तरक्की के योग हैं।

**सिंह** — बातचीत में संयत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी के लिए साक्षात्करादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आए के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी प्रापर्टी में निवेश कर सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5375



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5374 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल - 5385

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5384 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# ‘अंतिम किला’ फतह करने उतरेगा भारत, 31 साल से द.अफ्रीका में नहीं जीत सका श्रृंखला

**रोहित के पास टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका**

**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1.30 बजे**

एजेंसी ⏭ सेंचुरियन

वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी।

यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी श्रृंखला नहीं जीत पाया। यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए ‘अंतिम किला’ कहा जा रहा है। लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

### इनको मिली नाकामी

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अज़हरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई।



### भारत के युवाओं की कड़ी परीक्षा

तेंबा बावुमा की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्ज़ी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। इसी तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा।”



**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी जोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन, ट्रिस्टन स्टब्स, नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

## खबर संक्षेप



### भारतीय टीम में जगह बनाने पर नजर

**नई दिल्ली।** युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा और अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है। उन्नीस वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी। इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है। इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### कमिंस ने ख्वाजा का समर्थन किया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सोमवार को अपने साथी उस्मान ख्वाजा का समर्थन करते हुए कहा कि इस सलामी बल्लेबाज का गाजा में मानवीय दुर्दशा को सामने लाने का प्रयास ‘आक्रामक नहीं’ है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था आईसीसी ने ख्वाजा के पाकिस्तान के खिलाफ ‘बॉक्सिंग डे’ टेस्ट के दौरान अपने बल्ले और जूते पर जैतून के पेड़ की शाखा पकड़े काले ‘डव’ का स्टिकर लगाने की मांग खारिज कर दी थी। आईसीसी ने पर्थ में आस्ट्रेलिया की पाकिस्तान पर 360 रन की जीत के दौरान ख्वाजा को काली पट्टी बांधने के लिए फटकार लगायी थी।



### दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे स्पिनर साजिद

**कराची।** पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर साजिद खान को टीम में रखने का फैसला किया है। पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है लेकिन सूत्रों के अनुसार साजिद का खेलना तय है। उनके अलावा पाकिस्तान तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा जबकि सलमान अली आगा पांचवें गेंदबाज की भूमिका निभाएंगे। साजिद को अबरार अहमद के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थे।



### पीएचएफ को निलंबित करेगा एफआईएच

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे।

### विजय अभियान जारी रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया मंगलवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 15 मैच से चले आ रहे विजय अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा। पाकिस्तान नवंबर 1995 के बाद ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाया है और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले अगले मैच से पहले वह खिलाड़ियों की चोटिल होने की समस्या से जूझ रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 360 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी और दूसरे मैच में भी वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

# भारतीय महिला वनडे टीम के नए चेहरे ऑस्ट्रेलिया को देंगे चुनौती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को पहली बार भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगी। पहला वनडे मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

बाएं हाथ की स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में लिया गया था लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रेयंका ने इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। दूसरा मैच 30 दिसंबर जबकि तीसरा और अंतिम मैच दो जनवरी को खेला जाएगा। इसके बाद नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम 5, 7 और 9 जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला की मेजबानी करेगा।



**एकदिवसीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

**टी20 टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

### चोटिल अनवर संभावित लिस्ट से हुए आउट

**नई दिल्ली।** भारत को 12 जनवरी से कतर में शुरू होने वाले एएफसी एशियाई कप में अपने मुख्य सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की कमी खलेगी जो टखने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। भारत ने गुरुवार को 50 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की जिसमें से 23 वर्षीय अली को बाहर रखा गया है क्योंकि उनके दाएं टखने में फ्रैक्चर हो गया है। अली की चोट से हेड कोच इगोर स्टिमक का प्लान प्रभावित होगा, जिन्होंने संभावित खिलाड़ियों में मिडफील्डर जैकसन सिंह को शामिल करने का जोखिम लिया है क्योंकि केरला ब्लास्टर का यह खिलाड़ी भी कंधे की चोट से जूझ रहा है।

## राष्ट्रीय खिताब अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करेगा प्रेरित

**नई दिल्ली।** अपने प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14 13-21 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता। कीनिया अंतरराष्ट्रीय चैलेंज 2020 का खिताब जीतने वाले चिराग ने कहा, ‘राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब थोड़ी देर से मिला लेकिन आखिर में इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। पिछले तीन-चार महीनों से मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं लेकिन अब यह ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।



## जैसमीन और मनीषा सेमीफाइनल में

एजेंसी ⏭ ग्रेटर नोएडा

विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन और जैसमीन लम्बोरिया ने सोमवार को यहां महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेना का प्रतिनिधित्व कर रही राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन ने क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की पूनम कैथवास को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के बाद पराजित किया। वह सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश की मेनका देवी के सामने होंगी जिन्होंने तमिलनाडु की पीएस गिरजा को 4-1 के विभाजित फैसले में मात दी। 2022 विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली हरियाणा की मनीषा ने मिजोरम की टीसी लालरेमरूयाती पर 5-0 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना 2018 विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता पंजाब की सिमरनजीत कौर से होगा। 60 किग्रा और 66 किग्रा वजन के दो ही वर्ग बचे हैं जिसमें भारतीय मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करना है।



# पंड्या फिट, सूर्यकुमार को ग्रेड 2 टियर इंजरी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद भारतीय क्रिकेट टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में भारत का कप्तान कौन होगा ये बड़ा सवाल है। दरअसल, हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थी जिसमें दावा किया गया था कि हार्दिक पांड्या वर्ल्ड कप 2023 के दौरान लगी चोट के चलते अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के अलावा आगामी आईपीएल 2024 से भी बाहर हो सकते हैं।

वहीं पिछली दो सीरीज में कप्तानी करने वाले सूर्यकुमार यादव भी अफ्रीका दौरे पर चोटिल हो गए हैं। ऐसे में अब खबर है कि रोहित शर्मा को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए कप्तानी के लिए पूछा जा सकता है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पांड्या अपने टखने की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं और वह इस सीरीज के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे।

अगर किसी कारण से वह सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं होते तो रोहित शर्मा से कप्तानी के लिए पूछा जा सकता है। एक सूत्र ने हार्दिक पांड्या की इंजरी को लेकर कहा ‘वह अपने टखने की चोट से पूरी तरह ठीक हो गए हैं। वह हर दिन ट्रेनिंग कर रहे हैं। हार्दिक फिट और ठीक हैं। वह रोजाना वर्कआउट कर रहे हैं। उनके आईपीएल से बाहर होने की जो भी बातें चल रही हैं, वे महज अफवाह हैं।

### सूर्या को लगेंगे सात हफ्ते

वहीं सूत्र ने सूर्यकुमार यादव को लेकर कहा ‘सूर्यकुमार को टखने की चोट से उबरने में छह से सात हफ्ते लगेंगे। उन्हें ग्रेड 2 टियर इंजरी हुई है। वह फिलहाल ब्रेक पर हैं और अगले हफ्ते बेंगलुरु में एनसीए को रिपोर्ट करेंगे।’ सूर्या और संभवतः हार्दिक के अनुपलब्ध होने के कारण, चयनकर्ताओं को रोहित शर्मा से टी20 टीम की अगुवाई के लिए पूछा जा सकता है। हालांकि एक विकल्प रविंद्र जडेजा भी हो सकते हैं जिन्हें साउथ अफ्रीका दौरे पर टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया था।



# अराफात ने बने पीसीबी के ‘हाई परफार्मेंस’ कोच

एजेंसी ⏭ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व ऑलराउंडर यासिर अराफात को न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम का ‘हाई परफॉर्मेंस कोच’ नियुक्त किया है। यासिर लंदन से लाहौर पहुंचेंगे और पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम में शामिल खिलाड़ियों के साथ न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे जहां 12 जनवरी से पांच मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी।

पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने पहले ही न्यूजीलैंड में टी20 श्रृंखला के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला को अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। पीसीबी के सूत्रों के अनुसार यासिर साइमन हेल्मुट की जगह लेंगे, जो ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच हैं।



### रेफरी समिति के साथ बैठक करेंगे एआईएफएफ अध्यक्ष

*नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे देश में ‘रेफरिंग’ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए रेफरी समिति और मुख्य रेफरी अधिकारी ट्रेवर केटल के साथ 31 दिसंबर को बैठक करेंगे। रेफरियों का मूल्यांकन करने वाली टीम के सदस्य भी इस बैठक में भाग लेंगे जिसमें भविष्य के लिए योजना तैयार की जाएगी। एआईएफएफ ने कहा, ‘एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे रेफरी समिति के सदस्यों, एआईएफएफ के मुख्य रेफरी अधिकारी ट्रेवर केटल और इसका मूल्यांकन करने वाली टीम के सदस्यों के साथ 31 दिसंबर को समीक्षा बैठक करेंगे जिसमें भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।’*

# फीफा ने दी ब्राजील को निलंबित करने की धमकी

एजेंसी ⏭ रियो डी जनेरियो

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने ब्राजील को चेतावनी दी है कि अगर उसकी फ़ुटबॉल संस्था के हस्तक्षेप के कारण जनवरी में नए अध्यक्ष का चुनाव होता है तो वह उसकी राष्ट्रीय टीमों और क्लबों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से निलंबित कर सकता है।

फीफा ने ब्राज़ील फुटबॉल परिसंघ को पत्र लिखकर कहा है कि अगर उसने इंतजार करने की उसकी अपील पर ध्यान देने के बजाय एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह नए अध्यक्ष का चयन करने के लिए चुनाव कराने में जल्दबाजी दिखाई तो उसे निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। रियो डी जनेरियो की एक अदालत ने पिछले साल फ़ुटबॉल संस्था के चुनाव में अनियमितताओं के कारण रोड्रिग्स और सीबीएफ में उनके द्वारा नियुक्त सभी लोगों को सात दिसंबर को पद से हटा दिया था। ब्राज़ील की दो सर्वोच्च अदालतों ने पिछले सप्ताह इस फैसले को बरकरार रखा।

**भारोत्तोलन : आठ से 13 साल के बच्चे होंगे शामिल**

# यूपी से शुरू होगा नई मीरा को ढूंढने का अभियान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश को नई मीराबाई चानू देने के लिए भारतीय भारोत्तोलन संघ और साई मिलकर पहली बार एक अनोखा अभियान चलाने जा रहे हैं। दोनों मिलकर आठ से 13 साल के बच्चों का प्रतिभा तलाशो अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत यूपी के मोदीनगर से हो रही है। इस अभियान के तहत न तो भार उठाना पड़ेगा और न ही कंपटीशन के लिए जूझना होगा। बच्चों की फिटनेस और उनकी शारीरिक बनावट, ढांचा परखा जाएगा और चयनित बच्चों को साई सेंटर में 2032 और 2036 के ओलंपिक के लिए तैयार किया जाएगा। यह प्रतिभा तलाशो अभियान मीराबाई के कोच और द्रोणाचार्य अवॉर्डी प्रशिक्षक विजय शर्मा की अगुवाई में चलाया जाएगा।

- भारोत्तोलन संघ और साई का प्रतिभा तलाशो अभियान



### स्कूल, ग्राम प्रधान सांसद तक जुड़ेंगे

विजय के मुताबिक कई विदेशी विशेषज्ञों से बातचीत के बाद आठ से 13 साल के बच्चों को तलाशने का अभियान शुरू करने का फैसला भारोतोलन संघ ने लिया। 12 से 14 जनवरी को मोदीनगर में इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद इसे यूपी के पूर्वांचल, पश्चिम यूपी में छेड़ा जाएगा। इसके बाद इसे मणिपुर, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में चलाया जाएगा। इस अभियान में स्कूलों, ग्राम प्रधानों से लेकर सांसदों और विधायकों को भी जोड़ा गया है। ये सभी प्रतिभा ढूंढने में मदद करेंगे और इन्हें अभियान तक लेकर आएंगे।

### शुरुआत में डंडे से कराया जाएगा अभ्यास

बच्चों के चयन के बाद उन्हें साई की ओर से ट्रेनिंग सेंटर में रखा जाएगा। इस दौरान उन्हें बांस के डंडे से अभ्यास कराकर उन्हें तकनीकि रूप से दक्ष किया जाएगा। विजय बताते हैं कि इस दौरान अपनी गई तकनीकि जीवन भर नहीं बदलती है। 10 वर्ष से अधिक उम्र हो जाने के बाद बच्चों को थोड़ा-थोड़ा भार उठाने के लिए दिया जाएगा। यह अभियान लड़के और लड़कियों दोनों के लिए चलाया जा रहा है।

### प्रशिक्षकों की समिति बनी

विजय के मुताबिक संघ और साई ने इस अभियान के लिए प्रशिक्षक अलकेश बरुआ, एल अभिलाष और सुखमेंद्र चौधरी की एक समिति भी बनाई है। वह खुद इस अभियान से गंभीरता से जुड़ेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109



## 100 साल बाद यूक्रेन में मना 'क्रिसमस' का जश्न

कीव। रूस और यूक्रेन मध्य जंग के चलते रूस की संस्कृति को ठुकराते हुए इस बार यूक्रेन ने पश्चिमी देशों की तरह 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। इस फेस्टिवल के जरिए यूक्रेन ने रूस को तगड़ा जवाब दिया है। यूक्रेन बता दिया कि वो उनकी परंपराओं को नहीं मानता। जुलाई में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे यूक्रेन में क्रिसमस की राजकीय छुट्टी की तारीख बदल गई। कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहने के चलते यूक्रेन का रूस की संस्कृति से गहरा जुड़ाव है। अब तक यूक्रेन में रूस की तरह 7 जनवरी को क्रिसमस मनाया जाता था।

# जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख मनोज पांडे से मिले पूर्व डीजीपी बोले-सेना में स्थानीय लोगों की तादात बढ़ाएं, जिनको चप्पे-चप्पे की जानकारी

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों के हमले के बाद सोमवार को आर्मी चीफ मनोज पांडे राजौरी पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पहुंचकर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें जमीनी हकीकत से वाकिफ कराया।

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने राजौरी-पुंछ सेक्टर में बार-बार हो रहे आतंकी हमलों के लिए खुफिया इंटेलिजेंस की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि हमें अपने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करना होगा। हम खराब इंटेलिजेंस की वजह से दिक्कत उठा रहे हैं।



### आतंकियों को बाहर करेंगे

उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय लोगों को चुनकर उन्हें पुलिस और यहां तक कि सेना में उनकी एसपीओ के पद पर भर्ती करनी चाहिए। मुझे 100 फीसदी यकीन है कि वे आतंकियों को उनके ठिकानों से बाहर निकालने में कामयाब होंगे, क्योंकि वे यहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं। 21 दिसंबर को दानार सवानिया मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर हमला कर दिया था, जिसमें 4 जवान शहीद हो गए थे।

### जमीनी तलाशी अभियान तेज

हमले की चपेट में आए सेना के वाहन एक ऑपरेशन के लिए जा रहे थे, जो इलाके में संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट के बाद गुरुवार सुबह शुरू किया गया था। इलाके की हवाई निगरानी के बीच सेना ने जमीनी तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

### जांच के आदेश

इस बीच सेना ने 3 नागरिकों की हत्या की आंतरिक जांच के आदेश दे दिए हैं। सेना कुछ अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार कर रही है। सेना वर्तमान में पुंछ-राजौरी में तैनात कुछ अधिकारियों का ट्रांसफर कर सकती है। पुंछ पुलिस ने नागरिकों की हत्या मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। 5 अन्य घायलों इलाज चल रहा है।

### तीसरे दिन भी बंद मोबाइल इंटरनेट

बता दें कि गुरुवार को पुंछ के सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने घात लगाकर सेना के वाहनों पर हमला कर दिया था। जिसमें चार जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल के पास बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है, जिसमें सुरनकोट और पास के राजौरी जिले के थानामंडी जंगल शामिल हैं। पुंछ और राजौरी में लगातार तीसरे दिन मोबाइल इंटरनेट बंद है।

5 दिन तक भारत-रूस के द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने चलेगी मंत्रणा

# मास्को पहुंचे विदेश मंत्री... नए अंदाज में नजर आए एस जयशंकर, शेयर की तस्वीरें

**जयशंकर ऐसे वक्त पहुंचे, जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीते** | **विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा**

एजेंसी ▶▶ मास्को

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर 5 दिवसीय यात्रा पर सोमवार को रूस पहुंच गए हैं। रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर एक्स पर उन्होंने अपनी तस्वीर शेयर की है। वह बिलकुल नए अंदाज में नजर आ रहे हैं। इससे पहले शायद विदेश मंत्री को आपने ऐसे लुक में कभी नहीं देखा रहा होगा। रूस पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि मास्को पहुंच गया हूं। आगे मेरे व्यस्ततम कार्यक्रमों की प्रतीक्षा करें। यानि इन 5 दिनों की रूस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री भारत और रूस बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाले हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में रूस पहुंचे हैं। जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीत चुके हैं।




### समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी

रूस में विदेश मंत्री विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह आज से रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर मास्को में हैं। जयशंकर मॉस्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय संवाद के तौर पर 25 से 29 दिसंबर तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी स्थिर तथा लचीली बनी हुई है और विशेष व विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी की भावना के साथ इसकी खासियत बनी हुई है।

### भारत-रूस में इन अहम मुद्दों पर होगी बात

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर रूस के उप प्रधानमंत्री तथा उद्योग व व्यापार मंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात करेंगे और आर्थिक भागीदारी से जुड़े मामलों पर चर्चा करेंगे। उसने कहा कि जयशंकर रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच मजबूत परस्पर और सांस्कृतिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विदेश मंत्री के कार्यक्रम में मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग भी शामिल होंगे। ऐसी जानकारी है कि दोनों पक्ष खासतौर से व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं। जयशंकर की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब यह स्पष्ट हो गया है कि वार्षिक भारत-रूस नेता शिखर वार्ता इस साल भी नहीं होगी।

# 300 यात्रियों के साथ फ्रांस में फंसा विमान मुंबई पहुंचा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फ्रांस में पिछले तीन दिनों से फंसा लीजेंड एयरलाइंस का विमान सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कर लिया है। इस विमान में 300 से ज्यादा यात्री सवार हैं और उनमें अधिकतर भारतीय मूल के लोग शामिल हैं।



फ्रांस की सरकार ने मानव तस्करी के आरोप में इस विमान को रोका था। बता दें कि रोमानिया की लीजेंड एयरलाइंस के ए340 विमान ने दुबई से निकारागुआ के लिए उड़ान भरी थी। यह विमान तकनीकी खराबी के चलते फ्रांस के वेट्री एयरपोर्ट पर उतरा था। इसी दौरान फ्रांस की सरकार को सूचना मिली कि इस विमान से मानव तस्करी की जा रही है, जिसके बाद फ्रांस ने इस विमान को रोक लिया था।







**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** One Honda (Meenakshi Garden) - 9120100400, 8448071888; Punjabi Bagh - 8448080272; Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** Smooth Honda (Daryaganj) - 011-48119999, 8010209992, 9873069992; J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**